**RADIANT ACADEMY**
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
**RADIANT ACADEMY**
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 299 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8



## सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ तेज धमाका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में आज सुबह धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके की आवाज सीआरपीएफ स्कूल की दीवार से सुनाई दी थी। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। डीसीपी रोहिणी अमित गोयल ने बताया कि एक्सपर्ट को बुलाया। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।

रोहिणी के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। डीसीपी ने कहा कि विशेषज्ञ टीम ही स्थिति की विस्तृत जानकारी दे पाएगी। क्राइम ब्रांच स्पेशल सेल स्पेशल स्टाफ सब मौके पर पहुंचे।

वहीं, घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड विभाग को सुबह करीब 7.50 बजे दी गई, जिसके बाद तुरंत दो दमकल गाड़ियां भेजी गईं। हालांकि, अभी तक दीवार में आग लगने या क्षति की कोई जानकारी नहीं मिली है। टीम लगातार इलाके में सर्चिंग कर रही हैं।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुबह 7.47 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि सीआरपीएफ स्कूल सेक्टर-14 रोहिणी के पास बहुत शोर के साथ एक विस्फोट हुआ है। थानाप्रभारी/पीवी एवं स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्गंध आ रही थी। पास की दुकान और दुकान के पास खड़ी कार के शीशे क्षतिग्रस्त पाए गए। कोई घायल नहीं हुआ है।

मौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता पहुंचा। धटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। स्पेशल सेल के सूत्र के मुताबिक मौके पर स्पेशल सेल की टीम भी मौजूद है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है। रोहिणी जिला के डीसीपी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा ये शख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी सीसीटीवी का कोई भी क्लिप लीक नहीं होना चाहिए। वहीं, एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।

धमाके की आवाज सुनकर इलाके के लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। एक स्थानीय निवासी ने कहा, सुबह करीब 7.30 बजे थे जब हमने बहुत तेज आवाज सुनी। हमें लगा कि पास में एक एलपीजी सिलेंडर फट गया है। हमने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को मामले की जानकारी दी। कई दुकानों के शीशे टूट गए।

पास में रहने वाले राकेश गुप्ता ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। गुप्ता ने कहा, जो कुछ हुआ है उसे लेकर हम बहुत भ्रमित हैं। पुलिस टीमें जांच कर रही हैं। विस्फोट स्थल के बहुत करीब धूप के चश्मे की दुकान चलाने वाले सुमित ने कहा, मेरी खिड़की के शीशे टूट गए। मेरी दुकान के अंदर सब कुछ जमीन पर गिर गया। यह बहुत तेज विस्फोट था।

# स्लीपर बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 12 की मौत

**राजस्थान (एजेंसी)।** राजस्थान के धौलपुर जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार 12 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक भात कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे में जान गंवाने वालों में आठ बच्चों और तीन महिलाओं समेत 12 लोग शामिल हैं। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी बताएं जा रहे हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा इतना भयानक था कि घटना स्थल पर शव ही शव बिखर गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को बाड़ी राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर के करीम गुमट में रहने वाले नहून और जहीर परिवार के करीब 14 लोग बरौली गांव में एक रिश्तेदार के यहां भात समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात करीब 11.30 बजे यह सभी लोग टेंपो से वापस लौट रहे थे, इस दौरान नेशनल हाईवे-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। यह बस धौलपुर से जयपुर जा रही थी। तेज रफ्तार बस की टक्कर से टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्क्ट ने जांच के बाद 12 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो प्राथमिकी उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

हादसे में 13 वर्षीय आसमा पुत्री बंटी, 35 वर्षीय बंटी पुत्र गफफो, 7 वर्षीय सलमान पुत्र बंटी, 5 वर्षीय साकिर पुत्र बंटी, 9 वर्षीय दानिश पुत्र जहीर, 5 वर्षीय असीम का पुत्र, 30 वर्षीय जरीना पत्नी नहनू, 10 वर्षीय आशियाना पुत्री नहनू, 8 वर्षीय सुखी पुत्री नहनू, 9 बर्षीय सानिज पुत्र नहनू की घटना स्थल पर मौत हुई है। वहीं, जिला अस्पताल रेफर किए गए घायलों में 34 बर्षीय महिला जुली ने रास्ते में दम तोड़ दिया है। मृतकों में एक अन्य भी शामिल है।

हादसे में घायल 37 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र मलखान और 11 वर्षीय साजिद पुत्र आशिक को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। गंभीर हालत में उनका इलाज चल रहा है।

## खुशखबरी एनसीआर में खुलेंगे 50 जगहों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन!

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने शहर में करीब 50 ई-चार्जिंग स्टेशन खोलने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार चार्जिंग स्टेशन खुद प्राधिकरण तैयार कराएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जिन जगह ई-चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, उसे लेकर एक बार सर्वे हो चुका है। एक बार और सर्वे कर लोकेशन को अंतिम रूप दिया जाएगा। ये स्टेशन सभी मेट्रो स्टेशन, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे सहित मुख्य सड़कों पर बनाए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों में इसको लेकर बैठक होगी। इसके बाद एक डीपीआर तैयार कर आला अधिकारियों को दिखाकर मंजूरी ली जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि अगले कुछ महीनों में नोएडा में 100 से अधिक ई-बसें चलने लगेंगी। इसके अलावा ई-वाहनों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। इसको देखते हुए तैयारी शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि अभी तक जो स्टेशन बने हुए हैं, उनसे प्राधिकरण एक रुपये यूनिट के हिसाब से प्राधिकरण शुल्क लेता है।



चार साल पहले 54 स्थानों पर लगी थी चार्जिंग मशीनें करीब चार साल पहले नोएडा में 54 स्थानों पर 162 चार्जिंग मशीनें लगाए जाने के लिए कंपनी ने प्राधिकरण और यूपीपीसीएल के साथ मिलकर सर्वे किया था। करीब तीन साल पहले नोएडा प्राधिकरण की ओर से कनवर्जन्स एनर्जी एफीशिएंसी सर्विस लिमिटेड ने यह मशीनें लगाईं। कनवर्जन्स एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के मुताबिक, शहर में 54 स्थानों पर 69 ई-चार्जिंग मशीन लगाई गई थीं। इनमें से 30 शुरू हो गई थीं, जबकि बाकी बिजली कनेक्शन नहीं मिलने के कारण मामला अटका पड़ा था। खास बात यह है कि पिछले दो-तीन साल में लगे चार्जिंग मशीन अब सिर्फ दिखावा साबित हो रही हैं।

### सरकार दे रही सब्सिडी

इलेक्ट्रिकल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और यूपी सरकार सब्सिडी तक दे रही है, ताकि प्रदूषण नियंत्रित हो सके। ई-कार इस तरह के प्रदूषण को रोकने में कारगर है। प्रति ई-कार से प्रतिवर्ष 4.04 टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की बचत होने का अनुमान है।

## बैंक एजेंट हत्या की मास्टर माइंड निकली एचडीएफसी बैंक की मैनेजर

### पैसे बंटवारे को लेकर हुआ था विवाद, पांच आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी पुलिस ने बैंक एजेंट अमित राठौर हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने अब एचडीएफसी बैंक की मैनेजर नेहा कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो इस पूरे गैंग की मास्टरमाइंड बताई जा रही हैं।

डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि नेहा कुमारी और उसके गैंग ने फर्जी तरीके से करोड़ों रुपए के बैंक लोन किए थे।

आरोपी बैंक मैनेजर नेहा को ग्रेटर नोएडा के इको विलेज 2 की सोसाइटी से गिरफ्तार किया गया।



इसके पहले पुलिस ने नेहा के पति और उसके एक साथी समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में अमित राठौर की हत्या उसी गैंग के सदस्यों ने पैसे के बंटवारे को लेकर की थी।

पुलिस ने आगे बताया कि नेहा और उसके साथी फर्जी आधार कार्ड और रेंट एग्रीमेंट के आधार पर लोगों की पहचान और मोबाइल नंबर बदलवाकर फर्जी पे स्लिप तैयार करवाते थे। इसके बाद एचडीएफसी बैंक में क्रेडिट कार्ड बनवाने और लोन कराने में मदद करते थे।

इस लोन प्रक्रिया के बाद नेहा मोटा कमीशन लेती थी, जो 5 से 10 लाख रुपए तक होता था। अब तक पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## मॉडर्न स्कूल के छात्राओं में मारपीट



**नोएडा।** सेक्टर-11 स्थित मॉडर्न स्कूल के बाहर छात्राओं के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना स्कूल के मुख्य द्वार के बाहर की बताई जा रही है, जहां स्कूल समय के बाद कुछ छात्राओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि वह हाथापाई में बदल गया। सोशल मीडिया पर 30 सेकेंड के वायरल वायरल हो रहा है। कई छात्राएं एक-दूसरे के बाल खींचती और धक्का-मुक्की करती रही। बाल खींचकर एक दूसरे को पटकती नजर आई। वहीं कुछ छात्र और छात्राएं बीच बचाव करने का प्रयास भी कर रही है पर लड़ने वाली छात्राएं रुकी नहीं।

## सीनियर सिटीजंस ने मनाया दिवाली उत्सव



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-11 में सीनियर सिटीजन सोसाइटी ने दिवाली का उत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन बी एस शर्मा, अशोक शर्मा, अशोक रस्तोगी, जैरथ आदि मौजूद रहे।

# नोएडा एयरपोर्ट के लिए 1200 हेक्टेयर जमीन का होगा अधिग्रहण

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए तकरीबन 12 सौ हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण और किया जाएगा। मास्टर प्लान 2041 में एविएशन हब का क्षेत्रफल बढ़ाकर 6286 हे. करने की शासन से स्वीकृति मिलने के बाद यमुना प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजेगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को छह रनवे के साथ देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने के लिए इस जमीन की जरूरत थी। इसलिए मास्टर प्लान में एविएशन हब का दायरा बढ़ाया गया है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में पांच हजार हे. जमीन आरक्षित की गई थी। दो रनवे के साथ एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए 1334 हे. जमीन का अधिग्रहण हो चुका है।




दूसरे चरण में एविएशन उद्योग एवं एयरक्राफ्ट की मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग एमआरओ केंद्र के लिए 1365 हे. जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया भी तकरीबन पूरी हो चुकी है। शेष 2084 हे. जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। सामाजिक समाघात रिपोर्ट तैयार हो चुकी है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 17 अप्रैल को दो कार्गो, 25 घरेलू और तीन अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा के साथ शुरू हो जाएगा। इससे देश के 25 शहर गौतमबुद्ध नगर से सीधे जुड़ जाएंगे। महानिदेशालय नागर विमानन ने नोएडा एयरपोर्ट से 25 घरेलू सेवाओं को शुरू करने पर सहमति दे दी है। तीन अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट भी शुरू होंगी। इंटरनेशनल एयर ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने इसके लिए अनुमति दे दी है। हालांकि अभी इस पर केंद्र सरकार का निर्णय होना शेष है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कामर्शियल ऑपरेशन के लिए 17 अप्रैल की तारीख तय हो चुकी है। इससे पहले एयरपोर्ट के संचालन से जुड़ी जांच एवं केंद्रीय विभागों की अनापत्ति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चले इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की जांच के बाद डीजीसीए ने प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। 15 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच बिना यात्रियों के फ्लाइट ट्रायल शुरू होगा।

### मास्टर प्लान में एविएशन हब का क्षेत्र बढ़ाया

एविएशन हब के लिए चौथे चरण में भी 1200 हे. जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण वं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि नोएडा एयरपोर्ट पर छह रनवे के लिए और जमीन की जरूरत थी। इसलिए मास्टर प्लान में एविएशन हब का क्षेत्र बढ़ाकर 6286 हे. किया गया है। इसे शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही इस जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेज दिया जाएगा।

### अलीगढ़ तक पहुंची सीमा

इस जमीन के अधिग्रहण से एविएशन हब की सीमा अलीगढ़ जिले के टप्पल क्षेत्र तक पहुंच गई है। टप्पल में मल्टी माडल लाजिस्टिक हब परियोजना प्रस्तावित है। इसके लिए करीब दो हजार हे. जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव अलीगढ़ जिला प्रशासन को भेजा जा चुका है। एयरपोर्ट का क्षेत्र बढ़ाने से मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब की इससे सीधे कनेक्टिविटी हो जाएगी। एयरपोर्ट व मल्टी माडल लाजिस्टिक हब के बीच होने वाले अतिक्रमण की संभावनाएं भी समाप्त हो गई हैं।



## नागरिकता कानून

असम से जुड़े नागरिकता कानून की धारा 6-ए 'संवैधानिक' है। यह सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने 4-1 के बहुमत से फैसला लिया है। फैसला करीब 12 साल के बाद, 17 याचिकाओं पर, विचार करने के बाद लिया गया है। इस फैसले के बाद 1 जनवरी, 1966 और 25 मार्च, 1971 की अवधि के दौरान, भारतीय मूल के, जो बांग्लादेशी भारत में आए हैं और यहीं बसे हैं, उन्हें 'भारतीय' नागरिकता मिल जाएगी। हालांकि तारीखों को लेकर भी सवाल हैं कि असम और शेष भारत में प्रवेश करने वाले अवैध प्रवासियों को नियमित करने के लिए अलग-अलग तारीखें तय की गई हैं। ऐसा क्यों किया जाना चाहिए? बहरहाल 25 मार्च, 1971 के बाद असम में आने वाले विदेशियों को 'भारतीय' नागरिकता नहीं मिलेगी। 1970 और 1980 के दशक में असम 'विदेशी घुसपैठ' के मुद्दे पर उबलता रहा, आंदोलन तक छिड़ गए और हिंसा भी हुई। असम भारत के पूर्वोत्तर का सीमावर्ती राज्य है। अपनी संस्कृति, सामाजिक पहचान, विरासत और भाषा को सुरक्षित और संरक्षित रखने के मकसद से असमिया बिरादरी ने खासकर बांग्लादेशी प्रवासियों का विरोध किया। आशंकाएं जताई गईं कि असम की संस्कृति और आबादी के समीकरण तक बदल सकते हैं। मुस्लिम आबादी एक दिन बहुसंख्यक हो सकती है। असमिया लोगों का मताधिकार तक प्रभावित हो सकता है। भारत के संदर्भ में विभाजन के दाग आज भी कच्चे और ताजा हैं। अवैध प्रवास एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है। 1985 में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी, असम सरकार और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के बीच एक तितरफा समझौता हुआ। प्रवास और प्रवेश की तारीखों को लेकर सहमति बनी और उसके बाद संसद में एक विधेयक पारित कर 'नागरिकता कानून' में नई धारा-6 ए-जोड़ी गई। संविधान पीठ के चार न्यायाधीशों, जिनमें प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई. चंद्रचूड़ भी शामिल थे, ने इस धारा को 'संसदीय विधायी समाधान' माना, लिहाजा धारा 6-ए को 'संवैधानिक' भी माना, लेकिन जस्टिस पारदीवाला का मानना था कि धारा 6-ए राजनीतिक समझौते को कानूनी मान्यता देने के लिए लाई गई थी। इस समझौते का मतलब सिर्फ नागरिकता प्रदान करना नहीं था। दरअसल यह असम के लोगों को शांत करने के लिए था कि ऐसे समावेश से राज्य में होने वाले चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मेरा मानना है कि धारा 6-ए की वैधता निर्धारित करते समय समझौते पर हस्ताक्षर करने वालों के मकसद को ध्यान में रखा जाना चाहिए। ऐसे में धारा 6-ए समय बीतने के साथ 'असंवैधानिक' हो गई है। जस्टिस सूर्यकांत का मानना है कि याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर पाए कि विदेशी प्रवासियों से असमिया संस्कृति, भाषा और सामाजिक पहचान पर कोई गंभीर प्रभाव पड़ा है। हमने यह दलील भी खारिज कर दी है कि 6-ए भेदभावपूर्ण, मनमानी धारा है। 1966 और 1971 की अवधि में आए प्रवासियों के लिए स्पष्ट परिभाषित शर्तें दी गई हैं। बहरहाल असम में इस कानून के लिए विशेष रूप से छात्रों ने छह साल तक प्रदर्शन किए थे। नतीजतन समझौता हुआ और संसद में कानून पारित किया गया। यदि यह व्यवस्था न की जाती, तो शायद बांग्लादेश से प्रवासियों की संख्या न थमती। गंभीर सवाल यह है कि यदि 1971 के बाद आए प्रवासियों को भी स्वीकार कर लिया जाता है, तो उससे क्या होगा? ऐसी उदारता घुसपैठ के लिए उकसा सकती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सती का मरण सुनकर शिवजी के गण यज्ञ विध्वंस करने लगे। यज्ञ विध्वंस होते देखकर मुनीश्वर भृगुजी ने उसकी रक्षा की॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**समाचार सब संकर पाए। बीरभद्रु करि कोप पठाए॥**
**जग्य बिधंस जाइ तिन्ह कीन्हा। सकल सुरन्ह बिधिवत फलु दीन्हा॥**
ये सब समाचार शिवजी को मिले, तब उन्होंने क्रोध करके वीरभद्र को भेजा। उन्होंने वहाँ जाकर यज्ञ विध्वंस कर डाला और सब देवताओं को यथोचित फल (दंड) दिया॥
**भै जगबिदित दच्छ गति सोई। जसि कछु संभु बिमुख कै होई॥**
**यह इतिहास सकल जग जानी। ताते मैं संछेप बखानी॥**
दक्ष की जगत्प्रसिद्ध वही गति हुई, जो शिवद्रोही की हुआ करती है। यह इतिहास सारा संसार जानता है, इसलिए मैंने संक्षेप में वर्णन किया॥
**सतीं मरत हरि सन बरु मागा। जनम जनम सिव पद अनुरागा॥**
**तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमीं पारबती तनु पाई॥**
सती ने मरते समय भगवान हरि से यह वर माँगा कि मेरा जन्म-जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इसी कारण उन्होंने हिमाचल के घर जाकर पार्वती के शरीर से जन्म लिया॥
**जब तें उमा सैल गृह जाईं। सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं॥**
**जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे। उचित बास हिम भूधर दीन्हे॥**
जब से उमाजी हिमाचल के घर जन्मीं, तबसे वहाँ सारी सिद्धियाँ और सम्पत्तियाँ छा गईं। मुनियों ने जहाँ-तहाँ सुंदर आश्रम बना लिए और हिमाचल ने उनको उचित स्थान दिए॥ (क्रमश:..)

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजारी ताकतों पर नियंत्रण जरुरी

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय ब ?ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।



**देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी।**

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखत: राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वहीं है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में हैं कि किसान को अपनी तात्कालीक व आवश्यक जरुरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राषि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलियें लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाता रहा है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना।

दरअसल बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सैंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिएं अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाएं तो निश्चित रुप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह से सैंध लगाई गई है उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। कहीं ना कहीं एक बार फिर से बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना कहीं ना कहीं यह बताता है कि कमोबेस बाजार ताकतें अधिक शक्तिशाली है और वे ही डोमिनेट करती है। इसलिए एक और जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है उसी तरह से बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरुरी हो जाता है ताकि एक और तो काश्तकार को ठगा महसूस करने से बचाया जा सके और आम नागरिक भी ठगा हुआ महसूस ना कर सके। कहीं ना कहीं बाजार पर सरकार के नियंत्रण की आवश्यकता है नाकि बाजारु ताकतों के हाथ में छो ?ने की। ऐसा होने पर ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे ब ?ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर क ?ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे ब ?ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।



केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और ब ?ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अनावश्यक खर्च होंगे, रोग व्याधि, अनाब शनाब खर्चे, चोरी होना या पैसा कहीं खो जाना इत्यादि मतलब लॉस के चांसेस हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य आपका मध्यम है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का संकेत दिख रहा है या असमंजस की स्थिति रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
कार्यों में विघ्न बाधा रहेगी। भाग्य में रोड़े रहेंगे। अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं के संकेत हैं। स्वास्थ्य खराब स्थिति में दिख रहा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति 1 तरीके से ठीक-ठाक कही जाएगी लेकिन जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान दें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। राह के रोड़े हटेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। प्रेम, संतान अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी न लें। भावुक बने रहेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
घरेलू सुख बाधित। गृह कलह के संकेत। स्वास्थ्य मध्यम क्योंकि रक्तचाप ऊपर नीचे होता रहेगा। मां का स्वास्थ्य गड़बड़।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
नाक, कान, गले की परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। गंदी जुबान से बचें। धन हानि के संकेत हैं। प्रेम संतान ठीक है, व्यापार भी लगभग ठीक रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। बच्चों का स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। प्रेम में तू-तू मैं-मैं।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरुवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.10.24 से 16.11.24 |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 13.10.24 से 17.11.24 |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 14.10.24 से 02.12.24 |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# आपातकालीन स्थितियों में घायलों की जान बचाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित







**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व आघात दिवस के मौके पर गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस और यथार्थ अस्पताल के सयुंक्त तत्ववाधान में सेक्टर–108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों को आपातकालीन स्थितियों में लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती है, इसकी जानकारी दी गई। वहीं विगत दिनों अपने प्रयासों से घायलों को समय से अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

विश्व आघात दिवस का उद्देश्य दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थितियों में घायल लोगों की मदद के लिए जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष विश्व आघात दिवस के अवसर पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस व यथार्थ अस्पताल के सयुंक्त सौजन्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय में जीवन रक्षा पर संवेदनशीलता और पुलिस–डॉक्टर की सामाजिक भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि जीवन रक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसमें पुलिस और डॉक्टर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थितियों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए त्वरित और सही कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस आपातकालीन स्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया करती है, जिससे घायलों को समय पर मदद मिलती है। पुलिस जीवन रक्षक उपाय भी करती है। जैसे कि घायलों को अस्पताल पहुंचाना और आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना। सीपी ने कहा कि पुलिस समाज में सुरक्षा की गारंटी देती है, जिससे लोगों को अपने जीवन और संपत्ति की सुरक्षा का भरोसा मिलता है।

कार्यशाला के दौरान बताया गया कि आपातकालीन स्थितियों में डॉक्टर जीवन रक्षक उपचार प्रदान करते हैं, जिससे घायलों की जान बचाई जा सकती है। डॉक्टर घायलों को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होता है। डॉक्टर समाज में स्वास्थ्य शिक्षा का प्रसार करते हैं, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। ट्रामा की स्थिति में पुलिस और डॉक्टर की सामाजिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों के संयुक्त प्रयास से घायलों की जान बचाई जा सकती है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान जानकारी दी गई कि विश्व आघात दिवस हमें जीवन रक्षा पर संवेदनशीलता और पुलिस–डॉक्टर की सामाजिक भूमिका को समझने का अवसर देता है। हमें उनके प्रयासों की सराहना करनी चाहिए और उनके साथ सहयोग करना चाहिए।

कार्यशाला के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा विगत दिनों अपने प्रयासों से घायलों को समय से अस्पताल पहुंचाकर एवं पीड़ितों को आवश्यक सहायता देकर उनके जीवन की रक्षा करने वाले 20 पुलिसकर्मियों (पीआरवी पुलिसकर्मी व यातायत पुलिसकर्मी) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की गयी। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, स्टाफ ऑफिसर सुमित कुमार शुक्ला, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नोएडा प्राधिकरण ने तीन अनसोल्ड दुकानों पर लटकाया ताला

**नोएडा।** अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के आधार पर घोषित यूपी सरकार के राहत पैकेज के तहत अपने बकाया पैसा जमा न करने वाले एनसीआर के नामी बिल्डरों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई सीलिंग की कार्यवाही में शनिवार को एनसीआर के नामी बिल्डर प्रतीक रियलटर्स इण्डिया के 3 अनसोल्ड दुकानों को सील कर दिया गया। इस बिल्डर पर 12.62 करोड़ रुपए जमा कराने के लिए प्राधिकरण द्वारा नोटिस जारी किये गये थे, परन्तु आवंटी द्वारा मात्र 1.5 करोड़ धनराशि ही जमा कराई गई हैं।



नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के सख्त निर्देश के बाद आज नोएडा प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग विभाग द्वारा सीलिंग की कार्यवाही के क्रम बकायास भुगतान न करने के कारण आज नोएडा सीईओ द्वारा गठित टीम ने ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच–1 सेक्टर–120 नोएडा (आवंटी मै. प्रतीक रियलटर्स इण्डिया प्रा.लि.) में निर्मित 3 अनसोल्ड दुकानें एस–16, एस– 25 तथा एस–26 की सीलिंग की कार्यवाही की गयी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच–1 सेक्टर–120 नोएडा का आवंटन 10 दिसंबर 2009 को एसपीसी मै. प्रतीक रियलटर्स इण्डिया प्रा.लि. के पक्ष में किया गया था। आवंटी के पक्ष में 7 जनवरी 2010 को पटटा प्रलेख का निष्पादन कराते हुए भूखण्ड का कब्जा दिया गया। उन्होंने बताया कि लिगेसी स्टाल्ड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स विषयक शासनादेश 21 दिसंबर 2023 के कम में उक्त भूखण्ड के विरुद्ध 31 दिसंबर 2023 तक प्राधिकरण की कुल देयता 50.49 करोड़ रुपए है। कुल देयता का 25 प्रतिशत धनराशि 12.62 करोड़ रुपए जमा कराने के लिए आवंटी को नोटिस जारी किये गये, परन्तु आवंटी द्वारा मात्र 1.5 करोड़ रुपए की धनराशि ही जमा करायी गयी। उन्होंने बताया कि शासनादेश के क्रम में अतिदेयों का भुगतान न करने के कारण आज उक्त भूखण्ड पर निर्मित 3 अनसोल्ड दुकानों की सीलिंग की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि इसी तरह बकाया का भुगतान न करने वाले बिल्डरों के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की जायेगी। नोएडा प्राधिकरण के इस कदम से बकाए धनराशि का भुगतान न करने वाले बिल्डरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म से नाराज अभिभावकों ने छह घंटे किया जोरदार प्रदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर–27 स्थित एक नामी स्कूल में तीन साल सात माह की बच्ची से दुष्कर्म से नाराज अभिभावकों के सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए अभिभावकों ने शनिवार सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक स्कूल के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

अभिभावकों के आक्रोश को देखकर स्कूल प्रबंधन ने प्रिंसिपल, शिक्षिका व हेडमास्टर को निष्कासित करने का आश्वासन दिया। नर्सरी से कक्षा एक में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों को स्कूल में लगे कैमरों का एक्सेस भी देने का आश्वासन दिया।



सेक्टर–27 के एक नामी स्कूल में बच्ची से दुष्कर्म की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। शनिवार सुबह आठ बजे अभिभावक स्कूल के गेट पर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू किया। कुछ अभिभावक स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी से भी मिलने पहुंचे। हंगामे की सूचना पर भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल मौके पर नहीं पहुंचीं। आखिर में बात करने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर उनके बीच पहुंचे। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की ओर से प्रिंसिपल, शिक्षिका और हेडमास्टर को निष्कासित करने का आश्वासन दिया गया।

स्कूल में तीन माह तक कार्यवाहक प्रिंसिपल की तैनाती की जाएगी। नर्सरी से कक्षा एक में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों को स्कूल के कैमरे का एक्सेस दिया जाएगा। क्लासरूम समेत स्कूल परिसर में जहां कैमरे नहीं हैं वहां कैमरे लगाए जाएंगे।

नौ नवंबर को बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट और अभिभावकों के साथ एक बैठक अब प्रस्तावित है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की ओर से जो जरूरी कार्य किए गए हैं वह इस बैठक में बताए जाएंगे।

स्कूल में तीन साल सात माह की बच्ची से स्टाफ ने दुष्कर्म किया था। क्लास टीचर व सुरक्षा पर्यवेक्षक पर घटना को छिपाने का साक्ष्य मिला है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस मामले में चार सदस्यीय जांच समिति बनाई है। उसमें सिटी मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामिल हैं। टीम ने शनिवार को स्कूल में जांच भी की। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से बात की है। जांच समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गौतमबुद्ध नगर पैरेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज कटारिया ने बताया कि शुक्रवार रात से स्कूल प्रबंधन से शनिवार की मीटिंग के लिए संपर्क किया गया था। शनिवार को स्कूल प्रबंधन ने अभिभाभक शिक्षक बैठक ही रद कर दी थी। वहीं, उत्तर प्रदेश महिला आयोग ने भी इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

## अकाउंट और सुविधाओं की जानकारी प्रकाशित करें निगमः टीपी त्यागी

**गाजियाबाद।** सिविल सोसाइटी ने नगर निगम की ओर से लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं और अकाउंट की सूचना को अखबारों में प्रकाशित करने की मांग की है, ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिले। वहीं बिना सुविधाएं दिए परफॉर्मेंस ग्रांट क्लेम कराने का आरोप लगाते हुए इस पर रोक लगाने की भी मांग की है।

गाजियाबाद सिविल सोसाइटी के मुखिया टीपी त्यागी ने कहा कि नगर निगम को मिलने वाली परफॉर्मेंस ग्रांट रोक देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम कौन–कौन सी सुविधाएं लोगों को दे रहा है और वार्षिक ऑडिट अकाउंट्स की जानकारी निगम को प्रकाशित करानी थी, मगर मानक पूरे किए बिना और सुविधाएं दिए

**सिविल सोसाइटी ने निगम पर लगाया बिना सुविधाएं दिए परफॉर्मेंस ग्रांट क्लेम करने का आरोप**

बिना ही 2017 से 2022 तक की परफॉर्मेंस ग्रांट क्लेम कर ली गई। गाजियाबाद सिविल सोसाइटी की मांग है कि निगम अविलंब अकाउंट और सुविधाओं की जानकारी प्रमुख अखबारों में प्रकाशित करवाए।

इस मौके पर लाइनपार आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. आरके आर्या, ट्रांस हिंडन अध्यक्ष कैलाश चंद, एमएल वर्मा, राज कुमार त्यागी, संध्या त्यागी, नेमपाल चौधरी मौजूद रहे।

## प्राधिकरण में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



**गाजियाबाद।** जीडीए ने शुक्रवार को यूपी अपार्टमेंट (प्रमोशन ऑफ कन्स्ट्रक्शन्स, ऑनरशीप एण्ड मेंटिनेंस) एक्ट 2010 के प्राविधानों को लेकर दिए प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में राजेश मेहतानी, रिटायर्ड डायरेक्टर, सेंटर फॉर एक्सीलेंस एण्ड ट्रेनिंग यू0पी0 हाउसिंग एण्ड डवलपमेंट बोर्ड, लखनऊ ने प्रशिक्षण के तहत प्रमोटर के दायित्वों एवं कर्तव्यों को विस्तृत रूप से समझाते हुए एओए के गठन की प्रक्रिया एवं दायित्वों को विस्तार से समझाया।

साथ ही प्राधिकरण के क्या–क्या अधिकार होंगे, इसको भी विस्तृत रूप से समझाया गया।

इस मौके पर सचिव, अपर सचिव, प्रभारी मुख्य अभियंता, विशेष कार्याधिकारी, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंतागण, विधि अधिकारी के साथ प्राधिकरण का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### नगर निगम के सकारात्मक प्रयास कस भिक्कनपुर का धरना खत्म

**गाजियाबाद।** भिक्कनपुर में विकास संघर्ष समिति का धरना मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के आश्वासन के बाद खत्म हो गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि कचरा निस्तारण की प्रक्रिया के लिए निविदा की कार्रवाई भी जोरों से चल रही है। स्थान का चयन होते ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया को नया रूप दिया जाए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No: DRM/C/AGRA/PARKING/E-AUCTION/2024 दिनांकः 16.10.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **श्रेणीः** पार्किंग | **केटलॉग संख्याः** PARKING-2024-07 |

**एसेट्स डिटेल्सः** आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कार पार्किंग स्टैण्ड।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समयः** दिनांकः 01.11.2024 समयः 11:30

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एंव समयः** दिनांकः 01.11.2024 समयः 12:00

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **1808/24 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-इन्जी.-सी-2024-189 | **अनुमानित लागतः** ₹ 10000000.00 |
| **कार्य का नाम :** जोन नंबर 1 एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ़ मटेरियल अंडर एडीईएन/ललितपुर फ्रॉम झाँसी (एक्स्क्लुडिंग) टू बीना (एक्स्क्लुडिंग) फॉर दी ईयर 2024-25 । | |
| **अमानत राशिः** ₹ 200000.00 | **निविदा बन्द होने की तिथिः** 14.11.2024 at 15:00 hrs. |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 07 माह | |

• निविदा दिनांक 14.11.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। **1812/24 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


## खिलाड़ियों को हार जीत का डर छोड़कर प्रतियोगिता में भाग लेना जरूरी है : अजयपाल सिंह



**गाजियाबाद।** राज नगर एक्सटेंशन स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को 43वीं सब जूनियर जिला शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिंदल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राम अवतार जिंदल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजयपाल सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए ध्यान रखना चाहिए। हार जीत का डर छोड़कर प्रतियोगिता में भाग लेना जरूरी है। पहले सेमीफाइनल मैच में एसडी पब्लिक स्कूल राज नगर एक्सटेंशन ने एसएसके पब्लिक स्कूल प्रताप विहार को 21–18 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में बाबा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नंदराम ने एसडी क्लब को 21–16 से हराया। फाइनल मैच में बाबा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नंदराम ने एसडी पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन को 23–21 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। एकलव्य पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. रूपा रानी त्यागी ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान गुलशन भांबरी, रविंद्र सिंह तोमर, मदन पाल सिरोही, अरविंद चौधरी और अतुल तोमर भी मौजूद रहे।

## अखंड के खेल से लगान लायंस गाजियाबाद 46 रन से जीता

गाजियाबाद । लगान लायंस गाजियाबाद ने शनिवार को ड्रीम पार्क क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में अखंड के शानदार खेल से पेंथर्स को 46 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच बने अखंड ने 31 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी झटके। मोरटी के ड्रीम पार्क क्रिकेट ग्राउंड पर अनुज त्यागी टी 20 मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है। शनिवार को टूर्नामेंट में पैंथर्स और लगान लायंस गाजियाबाद के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए लगान लायंस गाजियाबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 189 रन बनाए। सुमित सेठ ने सबसे ज्यादा 45 और अखंड ने 31 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। पैंथर्स की तरफ से पंकज बिष्ट ने तीन विकेट और आशीष ने दो विकेट लिए।190 रन के बड़े लक्ष्य को हासिल करने उतरी पैंथर्स की टीम 19 ओवर में 143 रन पर ही ढेर हो गई।

### निगम ने प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने का शुरू किया काम

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने दीपावली से पहले शहर की प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। दावा है कि दीपावली से पहले पांच हजार लाइट लगवाई जाएगी। अंधेरे वालों स्थान पर सबसे पहले लाइट लगाई जा रही हैं। शहर के कई वार्डों में प्रकाश व्यवस्था बदहाल होने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। पार्षद और स्थानीय लोग प्रकाश विभाग में आकर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग कर रहे हैं। दीपावली को देखते हुए खराब लाइट ठीक करने की शिकायतें ज्यादा आ रही है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी–9, सेक्टर–3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना 18/2024 दिनांक : 17.10.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

| निविदा संख्या | मात्रा | ईएमडी (रू.) | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 13245855 | 10 नग | 1,77,000/- | 18.11.2024 |

**विवरण :** एंटी-स्मोग गन संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार

**नोट : 1.** उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा विवरण-**IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नही कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्तक्षरित होने चाहिए। **5.** ड्राइंग की कीमत के लिये विनिधान जेड 650-एंव बयाना राशि (ई.म.डी.) जमा करने के लिये विनिधान भंडार 00844517 है। **1817/24(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## खास खबर

### सेना ने शिविरों पर हमला, 33 नागरिकों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम 33 आम नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि मृतकों में 21 महिलाएं हैं और कई पीड़ितों के मलबे और इमारतों में फंसे होने के कारण कुल मौतों की संख्या 50 तक पहुंचने की संभावना है। रिपोर्ट में एक बयान में कहा कि बमबारी में 85 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ गंभीर हैं। इसमें कहा गया है कि इजराइली सेना ने जबालिया शिविर में कई घरों पर बमबारी की। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे इजराइली हमलों से आम फिलीस्तीनी नागरिकों के मरने वालों की संख्या बढ़कर 42,500 हो गई है।

### विकास को ढूंढ रही एफबीआई

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एफबीआई ने जिस विकास यादव को मोस्ट वांटेड घोषित किया है उसे करीब दस महीने पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। विकास के साथ एक और शख्स भी गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में मार्च में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी और अप्रैल 2024 में विकास को जमानत मिल गई थी। बता दें रोहिणी के रहने वाले एक व्यापारी ने दिसम्बर 2023 में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके एक परिचित ने नवम्बर 2023 में विकास यादव को उससे मिलवाया था और कहा था कि ये एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी हैं। व्यापारी का काम इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजीज से जुड़ा है इसलिए उसके कई कांटेक्ट पश्चिम एशिया में भी हैं। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि दोनों ने एक-दूसरे से नंबर लिए थे। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई।

### ट्रेन के सामने आया हाथियों का झुंड, टला हादसा

**गुवाहाटी।** अत्याधुनिक तकनीक का सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। इसकी बानगी असम में दिखाई दी है। जहां एआई के जरिए कई हाथियों की जान बची है। समय रहते एआई ने ट्रेन ड्राइवर को अलर्ट कर दिया और ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी। इससे सैकड़ों हाथियों का झुंड ट्रेन से टकराने से बच गया। बता दें कि रेलवे ट्रैक्स के इस सेक्शन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर बेस्ड इंट्रूक्शन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) लगाया गया है। इसका बड़ा फायदा रेलवे को मिला है और इतना बड़ा हादसा टल गया। अब पूर्व मध्य रेलवे अपने क्षेत्र के सभी एलिफेंट कॉरिडोर्स में इस सिस्टम को लगाने जा रहा है। पिछले काफी समय से यह सिस्टम यहां के रेलवे ट्रैक पर आने वाले हाथियों के लिए वरदान बना हुआ है। पूर्व मध्य रेलवे ने एआई सिस्टम की बदौलत 2024 में 414 और इस साल जनवरी से 16 अक्टूबर तक 383 हाथियों की जान बचाई है।

### भारत और चीन के बीच शुरू होगी सीधी विमान सेवा

**नई दिल्ली** । भारत और चीन के बीच सीधी विमान सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को जल्द हरी झंडी मिल सकती है। कोरोना महामारी फैलने के बाद से ही दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा बंद है। चीन सरकार लंबे समय से विमान सेवा को दोबारा बहाल करने की कोशिश कर रही है लेकिन भारत सरकार की ओर से द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर लगाई गई कई शर्तों की वजह से अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है। माना जा रहा है कि अब चीन की सरकार ने भारत सरकार की ओर से रखी गई कई शर्तों को मानने का संकेत दिया है। इसके बाद भारत सरकार जल्दी ही दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा के प्रस्ताव को मंजूरी दे सकती है। जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू और चीन के सिविल एविएशन एडमिनिस्ट्रेटर सोंग झियोंग के बीच दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा को दोबारा शुरू करने के मसले पर बातचीत हुई थी।

# नदी में गिरी सवारियों से भरी बस, 3 की मौत

▸ साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में हुआ हादसा




एजेंसी

**सिद्धार्थनगर** । यूपी के सिद्धार्थनगर में एक दर्दनाक हादसा हो गया है। यहां 53 सवारियों से भरी बस अचानक पुल से पलटकर शारदा नदी में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि, लगभग 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इसके साथ ही अन्य लोग भी घायल हो गये हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बड़ा हादसा हो गया। घटना सिद्धार्थनगर के बढ़नी ब्लॉक के मोहनकोला गांव की है। यहां देवीपाटन मंदिर से वापस आते समय चरगवां पुल पर एक बस पलट गई। इस हादसे में लगभग 50 से अधिक यात्री घायल हुए हैं और 3 व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार लोग बलरामपुर स्थित देवी पाटन मंदिर पर मुंडन कार्यक्रम में गए थे और वापस आते समय यह हादसा हुआ। बस में यात्रियों की संख्या अधिक थी, जिससे हादसे की गंभीरता बढ़ गई। घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र बढ़नी अस्पताल ले जाया गया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। कुछ घायलों को जिला अस्पताल लेकर आया गया है, जबकि अन्य को सीएससी सेंटर बढ़नी में भर्ती किया गया है। मृतक की पहचान खुरहुरिया के रहने वाले मंगनीराम के रूप में हुई है, जो साइकिल से यात्रा कर रहे थे। उनकी साइकिल बस के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अजय शर्मा उम्र 14 साल और गामा उम्र 65 साल की मौत हो गई। पु?लिस अ?धिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी, एसपी और एडिशनल एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। बस के पलटने के कारणों की जांच की जा रही है और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

## जेलों में मनेगा करवा चौथ, महिला कैदी पति संग मना सकेंगी त्यौहार

एजेंसी

**लखनऊ।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने जेल में बंद महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब जेल में बंद महिला कैदी भी करवा चौथ का पर्व अपने पति संग मना सकेंगी। राज्य महिला आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें कैदी महिलाओं को करवा चौथ के दिन अपने पति के दर्शन करने की अनुमति देने की बात कही गई है। इसके साथ ही, पुरुष कैदियों की पत्नियां भी जेल में आकर इस त्योहार को मना सकेंगी। महिलाओं के लिए विशेष अवसर करवा चौथ भारतीय संस्कृति में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें वे अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। इस विशेष अवसर पर महिला कैदी भी अब अपने पति के साथ यह त्योहार मना सकेंगी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने इस पहल से यह सुनिश्चित किया है कि जेल में बंद महिलाएं भी करवा चौथ के मौके पर अपने पति के दर्शन कर सकेंगी और पर्व की रस्में पूरी कर सकेंगी। जेल में होंगे विशेष इंतजाम यूपी की जेलों में अब महिला कैदियों को करवा चौथ पर व्रत रखने और उनके पतियों से मिलने की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, पुरुष कैदियों की पत्नियों को भी विशेष अनुमति दी जाएगी ताकि वे जेल में अपने पति के साथ इस पर्व को मना सकें। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं ताकि त्योहार को पारंपरिक ढंग से मनाने की व्यवस्था की जा सके। त्योहार और व्रत के लिए विशेष व्यवस्था इससे पहले भी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने जेलों में महिला कैदियों के त्योहार और व्रत संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए थे।

## आईएनए दिल्ली हाट में विशेष खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में मनाए जा रहे खादी महोत्सव के अंतर्गत त्योहारों के मौसम में आयोजित प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देना और खादी कारीगरों की आय को बढ़ाना है। राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, नई दिल्ली द्वारा इस विशेष खादी प्रदर्शनी का 31 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है।सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्य अतिथि के तौर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार की उपस्थिति में आईएनए दिल्ली हाट में आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में दिल्ली, राजस्थान, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, मध्य प्रदेश, बंगाल, हरियाणा, जम्मू सहित देश के विभिन्न राज्यों से 55 खादी संस्थानों और 102 ग्रामोद्योग इकाइयों के 157 स्टॉल लगाए गए हैं। जहां खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की एक विशाल श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की साड़ियां, रेडिमेड वस्त्र, हस्तशिल्प वस्तुएं, हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पाद, चमड़े के सामान, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद, अचार, मसाले, साबुन, शैंपू, शहद इत्यादि बिक्री के लिए अलग-अलग स्टॉलों में प्रदर्शित किये जा रहे हैं। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कारीगर और शिल्पकार खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की अपनी विविध श्रृंखला का सजीव प्रदर्शन भी कर रहे हैं। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने सभी देशवासियों से खादी और लोकल उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने दिल्लीवासियों से विशेष आग्रह किया कि वे त्योहारों की खरीदारी के लिए इस खादी प्रदर्शनी में पधारें और स्वदेशी खादी उत्पादों की खरीदारी कर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा बनें।

### आज वाराणसी के दौरे पर पीएम मोदी

**वाराणसी** । भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने वाले है। पीएम मोदी के वाराणसी आगमन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकताओं के अलावा लोग भी प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बेहद खुश दिख रहे हैं। वाराणसी की सड़कों पर पीएम मोदी के 10 हाथों वाला बैनर भी जगह-जगह लगाया गया है। इस बैनर में पीएम मोदी को युग पुरुष के तौर पर दिखाया गया है। बैनर में पीएम मोदी स्वच्छता अभियान का संदेश दे रहे हैं। उनके एक हाथों में श्री राम मंदिर को दिखाया गया है।

## खालिस्तानियों से ट्रूडो का प्रेम बढ़ा और भारत से रिश्तों में आई दरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तानी समर्थकों के मोहपांस में बंध गए हैं। उन्हे लगता है कि इन समर्थकों की दम पर उनकी राजनीति चमकती रहेगी। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है। वजह ये है कि वहां बड़ी संख्या सांसद ट्रूडो के विरोध में खड़े हो गए हैं। खालिस्?तान प्रेम में भले ही जस्टिन ट्रूडो को कनाडा में सिख राजनीति चमकाने में कामयाबी दिख रही हो, लेकिन वो यह भूल गए कि ऐसा करने के लिए उन्होंने दो देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों को ताक पर लगा दिया है। ऐसे में वो अब कनाडा की बहुसंख्यक आबादी की आंख का रोडा बनने लगे हैं। अपने ही सांसद ट्रूडो से सवाल पूछ रहे हैं कि बिना ठोस सबूत के वो बार-बार हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत को क्यों मोहरा बना रहे हैं। कनाडा के इस गंदे खेल में भारत में खालिस्तान आतंकवाद और ऑर्गेनाइज्ड क्राइम भी तेजी से पनपने लगा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर बार-बार भारत को लेकर जस्टिन ट्रूडो ये यूटर्न वाली राजनीति क्यों कर रहे हैं। इसकी वजह है कनाडा में सिखों का वर्चस्व और ट्रूडो की गठबंधन सरकार। दुनिया के दूसरे हिस्सों से आने वाले ज्यादातर अप्रवासियों की तुलना में सिखों के पास कनाडा में ज्यादा ताकत है। कनाडा में सिखों की आबादी पिछले 20 सालों में करीब दोगुनी हो गई है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद उपजा भारत-कनाडा विवाद इस वक्त एक बार फिर अपने चरम पर है।

## लेबनान पर इजराइली हमले में अब तक 2418 की मौत, 11,336 घायल



एजेंसी

**बेरूत** । इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष की शुरूआत के बाद से लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2418 हो गई है, जिसमें कुल 11,336 लोग घायल हुए हैं। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोग मारे गए औ 69 घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में कई क्षेत्रों में 87 हवाई हमले दर्ज किए गए, जिनमें से ज्यादातर दक्षिणी लेबनान में केंद्रित थे। इस बीच इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बयान में कहा कि हिजबुल्लाह ने लेबनान से उत्तरी इजराइल की ओर करीब 75 प्रोजेक्टाइल दागे और लेबनान से दो ड्रोनों को इजराइल में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया गया। आईडीएफ ने कहा कि पिछले दिनों हवाई हमलों और नजदीकी मुठभेड़ों में करीब 60 हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए हैं।

### फिर मिली फ्लाइट को बम की धमकी

**लंदन।** विमानों को पिछले कुछ दिनों से लगातार बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं, जिनसे यात्रियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। अब दिल्ली से लंदन जा रही विस्तारा फ्लाइट को शनिवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके कारण फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट की ओर डायर्वड किया गया। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा जांच के बाद कोई खतरा नहीं पाया गया, और फ्लाइट को लंदन रवाना किया गया। यह घटना हाल के दिनों में कई झूठी धमकियों का हिस्सा है, जिसमें एक ही सप्ताह में करीब 15 फ्लाइट्स को इस तरह की धमकियों मिल चुकी हैं।

## 21 राज्यों की महिलाओं से राहुल गांधी ने किया संवाद



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 21 राज्यों की महिलाओं के साथ संवाद किया। इस मौके पर राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि आज राजनीति में संघर्ष सिर्फ पारंपरिक विपक्षी दलों के खिलाफ नहीं, बल्कि एक व्यापक वैचारिक लड़ाई है। उन्होंने कहा, आज राजनीति में हमारी लड़ाई सिर्फ सत्ता के लिए नहीं है, बल्कि प्रतिनिधित्व के लिए भी है। ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जैसे कुछ लोग सोचते हैं, वैसे अलग-अलग नहीं हैं। उन्होंने महिलाओं को प्रतीकात्मक पदों को अस्वीकार करने और सार्थक प्रभावशाली स्थानों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, महिलाओं को यह समझना चाहिए कि वे केवल सांकेतिक राशि या पदों को स्वीकार न करें, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लड़ें जिनके वे हकदार हैं। गांधी ने शक्ति अभियान के साहसिक प्रयासों की सराहना की, जो महिलाओं को नेतृत्व करने, संगठित होने और अपने समुदायों में राजनीतिक विमर्श को नया रूप देने के लिए स्थान प्रदान कर रहा है।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने शक्ति अभियान - इंदिरा फेलोशिप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के पहले दिन भाग लिया और देशभर की महिला नेताओं के साथ गहन विचार-विमर्श किया। 21 राज्यों से आई सभी प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाएं थीं, जिन्होंने जमीनी स्तर पर महिलाओं के सामने आने वाली पितृसत्ता की गहरी चुनौतियों का सामना करने की प्रतिबद्धता जताई इंदिरा फेलोशिप द्वारा संचालित शक्ति अभियान एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य भारतीय राजनीति में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। यह आंदोलन ग्रामीण और शहरी समुदायों की उच्च प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को चुनाव लड़ने, नेतृत्व की भूमिका निभाने और स्थानीय और राष्ट्रीय शासन में गहरे पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने के लिए सशक्त बनाता है।

## सलमान को अभेद सुरक्षा देगी बुलेटप्रूफ कार



एजेंसी

**मुंबई** । बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद से लेकर सलमान खान की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन बहुत गंभीर है। सलमान और उनका परिवार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर है। लेकिन राजनेता और सलमान के करीबी रहे बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद सलमान को फिर से जान से मारने की धमकियां मिलीं। इसके बाद, उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लेकिन खबर है कि सलमान की सुरक्षा मुंबई पुलिस की ओर से बढ़ा दी गई है, लेकिन सलमान भी अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान ने बुलेटप्रूफ निसान पैट्रोल एसयूवी खरीदी है। यह बुलेटप्रूफ कार भारतीय बाजार में उपलब्ध नहीं है, इसलिए सलमान कथित तौर पर कार का दुबई से इम्पोर्ट करवा रहे हैं। कार की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, कार की भारत में जल्दी डिलीवरी हो जाए इसके लिए और मोटी रकम खर्च की जाएगी। वहीं निसान पैट्रोल एसयूवी की खूबियों की बात करें तब इसमें हाई सिक्योरिटी टूल्स हैं। कार में एक्स्प्लोसिव अलर्ट इंटिकेटर, पॉइंट-ब्लैंक बुलेट शॉट को रोकने के लिए मोटी ग्लास शील्ड और ड्राइवर या पैसेंजर की पहचान को रोकने के लिए ब्लैक शेड कैमफ्लाश.है। इसके जरिए बाहर से कोई भी कार में बैठे ड्राइवर या पैसेंजर को नहीं पहचान सकता है। बता दें, सलमान ने पिछले साल भी यूएई से एक बुलेटप्रूफ कार खरीदी और इम्पोर्ट करवाई थी, जब उन्हें और उनके पिता सलीम खान को पहली बार बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली थी।

### सिनवार की मौत से हमास गुस्साया

**तेलअवीव** । इजरायल और हमास के बीच इजराइली सेना ने बीते साल सात अक्तूबर को हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। इजरायल ने हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के बाद अब हमास नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास चीफ सिनवार के मारे जाने की आधिकारी पुष्टि की है। सिनवार की मौत के बाद आतंकी समूह हिजबुल्लाह भी भड़क गया है। हिजबुल्लाह की ओर से कहा गया है कि वे इजरायल के खिलाफ अपने युद्ध में एक नए और उग्र चरण की ओर बढ़ रहा है, जबकि ईरान ने कहा कि हमास नेता सिनवार की हत्या के बाद ह्यप्रतिरोध की भावना मजबूत होगी।

## 370 पर सीएम उमर ने साधी चुप्पी



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेस की सरकार बन गई है। राज्य की कमान उमर अब्दुल्ला को मिली है। उनके मुख्यमंत्री बनते ही विरोधियों ने उन्हे निशाने पर लिया है। अनुच्छेद 370 के नाम पर सत्ता में आई नेकां को विरोधी घेर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी 370 भूल चुकी है और अब भाजपा की गोदी में बैठकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने अपनी पहली बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, लेकिन विशेष दर्जे की बहाली पर चुप्पी साध ली है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विरोधियों ने इसके लिए भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। एक सूत्र ने कहा, मसौदा तैयार हो गया है और सीएम इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपने के लिए कुछ दिनों में नई दिल्ली जाएंगे और उनसे राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह करेंगे। बारामुल्ला के सांसद इंजीनियर राशिद ने उमर अब्दुल्ला पर भाजपा के हाथों में खेलने का आरोप लगाया। आपको बता दें कि इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने राशिद को भाजपा का मोहरा करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि वोटों को विभाजित करने के लिए अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। अब, राशिद ने आरोप लगाया कि एनसी ने अपनी 42 सीटें इसलिए जीतीं क्योंकि उसे भाजपा से रणनीतिक मदद मिली।रशीद ने कहा, एनसी ने अनुच्छेद 370 के खिलाफ लड़ाई का वादा किया है, लेकिन उमर केवल राज्य का दर्जा बहाल करने पर ध्यान केंद्रित कर-के मुख्य मुद्दों से भटक रहे हैं।


## पश्चिम एशिया से पूर्वी एशिया तक युद्ध ही युद्ध दे रहा है दिखाई



एजेंसी

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के साथ-साथ अब पूर्वी एशियाई क्षेत्र में भी व्यापक टकराव की आशंका बढ़ रही है। कुल मिलाकर युद्ध ही युद्ध दिखाई दे रहा है। इससे पहले दुनिया दो विश्व युद्धों का सामना कर चुकी है, जिसमें जानमाल का भारी नुकसान हुआ था। अब, कई दशकों बाद, एक बार फिर से दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। खासकर, चीन के आक्रामक रवैये ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है। चीन और ताइवान के बीच तनाव अब अपने चरम पर पहुंच चुका है। चीन कई बार कह चुका है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह ताइवान के खिलाफ बल का प्रयोग करने से नहीं हिचकेगा। ताइवान के एयरस्पेस में 25 घंटों में 153 चीनी एयरक्राफ्ट की घुसपैठ ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ताइवान ने अपनी आम्?ड फोर्सेज को अलर्ट कर दिया है। चीन ने साउथ चाइन सी के बड़े हिस्से पर अपना दावा जताया है, और यहां आर्टिफिशियल एयरपोर्ट भी बना चुका है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसे फ्री नेविगेशन के खिलाफ मानता है। चीन का ताइवान के प्रति भी आक्रामक रवैया बदलता नहीं दिख रहा। वह ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और कई बार बल प्रयोग की धमकी दे चुका है। फिलीपींस से लेकर जापान तक, चीन के रिश्ते तनावपूर्ण हो चुके हैं। अब इस पूरे क्षेत्र में अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्?ट्रेलिया की सेनाओं का भी दबदबा बढ़ गया है। हाल ही में चीन ने ताइवान के पास स्थित इलाकों में सैन्?य अभ्?यास किया था, जिसमें फाइटर जेट, ड्रोन और वॉरशिप्स शामिल थे। इससे ना सिर्फ ताइवान, बल्कि पूरी दुनिया में चिंता का माहौल बन गया। अब अमेरिका और फिलीपींस ने भी संयुक्त सैन्य अभ्यास वेनम शुरू कर दिया है। यह अभ्यास फिलीपींस के उत्तरी तट की रक्षा करने के लिए किया जा रहा है, जो ताइवान से केवल 800 किलोमीटर दूर है। इसमें 1000-1000 सैनिक अमेरिका और फिलीपींस के हैं, और इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया के सैनिक भी इसमें शामिल हैं। इस तनाव के बीच, हाल ही में साउथ चाइना सी में चीन और फिलीपींस के समुद्री जहाज आपस में टकरा गए थे, जिससे सैन्?य टकराव की आशंका और बढ़ गई है। फिलीपींस और अमेरिका की यह ड्रिल महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि पलावन द्वीप का तट दक्षिण चीन सागर से जुड़ा हुआ है।


## दंगाइयों की ठुकाई समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी: नकवी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बहराइच में हाल ही में हुई हिंसा और एनकाउंटर को लेकर कहा कि बलवाइयों की कुटाई और दंगाइयों की ठुकाई समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी है। बहराइच में हालिया हिंसा में कई लोगों के बीच झड़पें हुई थी, जिससे प्रशासन और पुलिस को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नकवी ने कहा कि अगर समाज को सुरक्षित करना है, तो इस तरह के बलवाई और दंगाईयों की ठुकाई और कुटाई देश के हित में है। उन्होंने सुरक्षा बलों की कार्रवाई को समाज में शांति स्थापित करने और दंगाइयों को कड़ी सजा देने के लिए जरुरी बताया। उन्होंने बलवाइयों और दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरुरत पर जोर देते हुए कहा कि हमारा समाज जब तक सुरक्षित नहीं होगा, तब तक विकास और शांति संभव नहीं है। नकवी ने यह साफ कर दिया कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाने से ही समाज में स्थिरता और सुरक्षा स्थापित की जा सकती है। नकवी ने आगे कहा कि बीजेपी जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के साथ महान राष्ट्रवादी पार्टी भी है।

# वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश को समर्पित



वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी का व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन रखा जाता है। ये व्रत भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस दिन का व्रत रखने से और विधिवत भगवान गणपति की पूजा करने से साधक को सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके साथ भगवान विघ्नहर्ता का ये व्रत करने से साधक के सारे विघ्न समाप्त हो जाते हैं। इस दिन भगवान गणेश को लड्डू-मोदक का भोग लगाना चाहिए और विशेष पूजा- अर्चना करनी चाहिए। इस व्रत को करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी का व्रत हर साल की कार्तिक महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन रखा जाता है। इस साल इस तिथि की शुरुआत 20 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 46 मिनट पर होगा और इसका समापन 21 नवंबर को सुबह 04 बजकर 16 मिनट पर होगा। ऐसे में ये व्रत 20 अक्तूबर 2024 को रखा जाएगा। आइए जानें वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी कब रखा जाएगा और शुभ मुहूर्त।

### वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी पूजा शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी का व्रत इस साल 20 अक्टूबर 2024 को रखा जाएगा। इस दिन चंद्रोदय शाम 7 बजकर 54 मिनट पर होगा। इस समय में चंद्र देव की पूजा करना शुभ होगा।

### वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह स्नान के बाद भगवान गणेश का ध्यान लगाएं। उसके बाद मंदिर की साफ सफाई करके चौकी पर गणेश जी की मूर्ति स्थापित करें। फिर भगवान गणेश को पीले रंग का फूल, फल, मोदक, मालपुए और दूर्वा अर्पित करें। इस दिन पूजा के समय में गणेश चालीसा और गणेश स्तोत्र का पाठ जरूर करें। पूजा के बाद वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी की कथा का पाठ करें। कथा के बाद आरती करें और भगवान गणेश को भोग लगाएं।

### वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी महत्व



संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखने से साधक को सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दिन पूजा में गणपति जी को सिंदूर चढ़ाना बहुत ही शुभ होता है। इस दिन पूरे विधि-विधान के साथ गणपति जी की पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। गणेश जी के व्रत के तप से साधक के सारे बिगड़े काम बनते हैं और सारे विघ्नों का नाश होता है।

# हिंदू धर्म में करवा चौथ का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में सुहाग से जुड़े व्रत रखने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। करवा चौथ का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इन उपवासों को रखने से वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती है। साथ ही पति-पत्नी के रिश्तों में मजबूती आती है। सभी उपवास में से करवा चौथ के व्रत को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है। पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का पर्व मनाया जाता है। इस साल 20 अक्टूबर 2024 को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। इस दिन व्यतीपात योग के साथ कृत्तिका नक्षत्र का संयोग बन रहा है, जो व्रत की महत्ता को अधिक बढ़ा रहा है। ऐसे में चांद की पूजा करना और भी लाभदायक होगा, जिससे व्रत के संपूर्ण फल की प्राप्ति होगी। आइए इस दिन चांद निकलने के समय को जान लेते हैं।



### करवा चौथ 2024 तिथि

करवा चौथ इस साल 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। चूंकि, कार्तिक कृष्ण चतुर्थी 20 अक्टूबर को सुबह के समय 6 बजकर 46 मिनट से शुरू होने वाला है, जो अगले दिन सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगा।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

उपवास को रखने से वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती है। पंचांग के अनुसार करवा चौथ पर पूजा का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबरशाम 5 बजकर 46 मिनट से शुरू होगा। ये मुहूर्त शाम 7 बजकर 02 मिनट तक रहने वाला है।

### चांद निकलने का समय

महिलाएं पति की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है। इस दौरान चांद निकलने का समय शाम 7 बजकर 44 मिनट का है।

### करवा चौथ पूजा विधि

करवा चौथ के शुभ दिन पर सुबह ही स्नान कर लेना चाहिए। फिर मन में निर्जला व्रत का संकल्प लें। इसके बाद मुहूर्त के अनुसार तुलसी के पास बैठकर दीपक प्रज्वलित करके करवा चौथ व्रत की कथा पढ़े। फिर पूजा की तैयारी शुरू कर दें। इस दौरान सबसे पहले एक थाली में फूल, फल, मिठाई, धूप-दीप, रोली को रखें। इसके बाद मिट्टी के बने करवा में चावल भरकर उसे दक्षिणा के रूप में रख दें। साथ ही अपनी रिवाजों के आधार पर दान के सामानों को भी रखें। अब चांद निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। फिर छलनी में जलता हुआ दीप रखकर चंद्र दर्शन करें। इसके बाद उसी छलनी से पति का मुख देखें। अब पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण करें। इस दौरान आप घर के बड़ो का आशीर्वाद लें। फिर पूजन में उपयोग हुई श्रृंगार की सामग्री और करवा को सास या किसी सुहागिन स्त्री को दे दें, और उनके पैर छू लें।


# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी लहसुन

वैसे में धरती पर एक से बढ़कर एक खाद्य पदार्थ हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। लेकिन बहुत लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। इस कारण कुछ ही लोग फायदे का लाभ ले पाते है। ठीक वैसा ही लहसुन के साथ है। आमतौर पर लहसुन का स्वाद तो सभी को पसंद आता है। कोई भी सब्जी हो, बिना लहसुन के फीका ही लगता है। लेकिन आपको बता दें कि यह सिर्फ स्वाद में ही नहीं, बल्कि सेहत के लिहाज से भी लाजवाब है। इसमें मौजूद मौजूद पोषक तत्व और एंटी-माइक्रोबियल गुण आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। लहसुन एक नहीं बल्कि शरीर में होने वाली तमाम गंभीर बीमारियों को दूर करना है।



➢ **बीपी :** कोलेस्ट्रॉल से ब्लड पर दबाव पड़ता है कारणवश ब्लड प्रेशर बढ़ता है। जिसमें लहसुन का सेवन बेहद लाभकारी है।

➢ **वायरल में गुणकारी:** लहसुन में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते है जो सर्दी खांसी जुकाम बुखार और छाती में इन्फेक्शन को कम करने कामयाब होता है।



➢ **कोलेस्ट्रॉल :** लहसुन में एलिसिन नामक तत्व पाए जाते है जो कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।

कैसे करें लहसुन का सही इस्तेमाल

➢ **हार्ट :** यह ब्लड में थक्के होने की समस्या को रोकता है। प्रतिदिन लहसुन का सेवन करने से गाढ़ा खून पतला होता है और हार्ट अटैक का खतरा कम से है।

➢ **दर्द:** इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। लहसुन का सेवन करने से आर्थराइटिस जैसी बीमारियों की वजह से होने वाले सूजन को भी कम कर देता है। यहां तक कि आर्थराइटिस के लक्षणों को भी धीरे धीरे ख़त्म कर देता है।

➢ **काढ़ा:** लहसुन के छिलके हटाए बगैर इसको पानी में धीमी आंच पर देर तक उबाल कर इसका सेवन चाय की तरह करने से बेहतर लाभ मिलते हैं।


➢ **तेल में पकाना:** सरसों के तेल में देर तक छिलके सहित लहसुन पकाकर शरीर में मालिस करने से पुराने से पुराने दर्द भी ठीक हो सकते हैं। प्राचीन काल से यह विधि अपनाई जा रही है। यह तेल बाल और त्वचा के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है।

**सावधान**

***अगर लहसुन का प्रयोग औषधि रूप में कर रहे हैं तो चिकित्सीय सलाह बेहद आवश्यक होता है क्योंकि, एक एक्सपर्ट ही बीमारी, उम्र और वजन के हिसाब से इसकी सही मात्रा तय कर सकता है।***

# दरवाजे के पीछे कपड़े टांगने से पारिवारिक कलह होने की संभावना

सनातन धर्म के लोगों के लिए ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, स्वप्न शास्त्र और सामुद्रिक शास्त्र का विशेष महत्व है। शास्त्रों में जीवन को सुखमय बनाने के कई उपायों और टोटकों के बारे में बताया गया है। वास्तु शास्त्र में घर, ऑफिस और कार्यस्थल में मौजूद चीजों की सही दिशा और स्थान के बारे में बताया गया है। शास्त्रों में बेड, किचन, बाथरूम और यहां तक कि दरवाजे को लेकर भी नियम बताए गए हैं। आमतौर पर लोग अपने घर के दरवाजे के पीछे हैंगर पर कपड़े, पन्नी आदि सामान को टांग देते हैं, जिसे वास्तु शास्त्र के अनुसार शुभ नहीं माना जाता है। चलिए जानते हैं दरवाजे के पीछे कपड़े टांगना क्यों शुभ नहीं माना जाता है। वास्तु के मुताबिक, दरवाज़े के पीछे कपड़े नहीं टांगने चाहिए। दरवाज़े के ऊपरी हिस्से को धन की देवी मां लक्ष्मी का स्थान माना जाता है, इसलिए दरवाज़े के पीछे कपड़े टांगने से मां लक्ष्मी नाराज़ होती हैं और आर्थिक तंगी आ सकती है। ऐसा माना जाता है कि दरवाज़े के पीछे कपड़े टांगने से जुड़ी ये समस्याएं हो सकती हैं, धन हानि, पारिवारिक कलह, घर में नकारात्मक ऊर्जा, तरक्की में बाधा, नौकरी और व्यापार में परेशानी। घर में दरवाजे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। वास्तु के हिसाब से यह घर का मुख होते हैं, जिनके जरिए आपके पूरे घर में एनर्जी घूमती है, इसलिए वास्तु में दरवाजे का रंग और दिशा दोनों ही मायने रखती है। ऐसे में हम दरवाजों पर हुक्स भी लगाते और उन पर कुछ भी टांग देते हैं। वास्तु के अनुसार यह करना ठीक नहीं होता है, इन हुक्स पर बिना सोचकर कुछ भी टांग देना घर में नेगेटिविटी को सीधा आमंत्रित करना होता है। ऐसा सामान नेगेटिव एनर्जी को सीधे पर अपनी ओर आकर्षित करता है। लोग अक्सर दरवाजे के पीछे लगे हुक्स पर अपने फटे पुराने कपड़े टांग देते हैं। उसको उन्ही पर टंगा हुआ भी छोड़ देते हैं। ऐसा इसलिए भी करते हैं कि जब उन कपड़ों की जरूरत होगी तो पहन लेंगे। इस तरह के फटे पुराने और गंदे कपड़े नहीं टांगने चाहिए। आप उनका इस्तेमाल नहीं करने वाले हैं तो उनको बाहर कर दें। ये फटे पुराने कपड़े नेगेटिव एनर्जी को घर में लेकर आएगी। घर में अक्सर हम दरवाजे के पीछे हुक्स पर चाबी के छल्ले जरूर टांग देते हैं, जिससे हम जब भी दरवाजे को खोलते हैं तो चाबी की या धातु की आवाज आती है। वास्तु शास्त्र में इस तरह की धातु की आवाज को ठीक नहीं माना गया है, क्यों कि यह नेगेटिव एनर्जी को लेकर आती हैं। इसलिए दरवाजे पर टकराने या फिर आवाज करने वाले किसी भी तरह की वस्तु को हुक्स ना टांगे।





# झटपट बनाएं टेस्टी और हेल्दी कुलचा

**छोले-कुलचे का नाम आते ही हमारे दिमाग में फुटपाथ पर मिलने वाले छोले-कुलचे की रेहड़ी का तस्वीर आ जाती है। ये ऐसी चीज है जिसको खाना लगभग सभी को पसंद होता है। लेकिन क्या आपको पता है ये कितने अनहेल्दी होते हैं। वैसे कितना अच्छा होता है ना आप किसी चीज के फैन हो आप आपको उसे घर पर आसानी से और सेहतमंद बनाने का तरीका पता चल जाए। हम आपको बताते हैं घर पर बिना तंदूर और मैदा का इस्तेमाल किए हुए पनीर भरवा कुलचा बनाने की रेसिपी। आइए जानते हैं इसके बारे में।**



### आवश्यक सामग्री :

सबसे पहले गेहूं का दो कप आटा लेंगे। फिर इसमें दो टीस्पून बेकिंग पाउडर डालेंगे। थोड़ा सा नमक और डेढ़ चम्मच शक्कर डालेंगे। फिर दो टेबल स्पून दही और एक टेबल स्पून तेल डालेंगे। गुनगुना पानी लेकर करीब आधा कप पानी डालकर इसे मुलायम गूंथ लेंगे।इस आटे में तेल लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ देंगे।

### बनाने की विधि :

करीब 200 ग्राम कद्दूकस किया हुआ पनीर। इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, गाजर, हरी मिर्च, अदरक और थोड़ा सा हरिया धनिया मिलाएं। इसमें नमक, भुना जीरा पाउडर, चाट मसाला और अपने मुताबिक मसाले मिलाएंगे। सबसे गुंथे हुए आटे की लोई बनाकर इसे हाथों से फैलाएंगे। फिर इसमें पनीर की स्टफिंग भर देंगे। फिर इसके ऊपर हल्का कटा हरा धनिया और कलौंजी डाल देंगे। अब इस कुलचे को बेलन से बेलेंगे, हालांकि इसे बहुत पतला नहीं करना है। कुलचे को सेंकने के लिए पहले तवे को अच्छी तरह गर्म करेंगे। फिर इसमें हल्का सा पानी छिड़क कर कुलचा डाल देंगे। अब तुरंत इसे ढक कर करीब पांच मिनट पकने के बाद पलट कर पकाएंगे। पलटने के बाद फिर से तवे पर पानी छिड़क कर इसे ढक देंगे। अब इसे चेक करने के बाद इसके ऊपर मक्खन लगाकर सेकेंगे।

# बच्चे को ज्ञान देने से पहले घर के माहौल में लाएं बदलाव

**अगर आप यह सोचते हैं कि आपका बच्चा बेहतर करे, बेहतर पढ़े, लोगों से बर्ताव अच्छा करे तो इसके लिए उसके माहौल को अच्छा बनाना जरूरी है। अगर आपका बच्चा पढ़ता नहीं, बहुत अधिक मोबाइल देखता है और लोगों के साथ अच्छा बर्ताव नहीं करता, तो इसके लिए आप नीचे दी बातों को ध्यान दें और माहौल बदलने का प्रयास करें।**

अगर आपका बच्चा यह बोलता रहता है कि उसे पढ़ने में मन नहीं लग रहा,तो आपको अलर्ट होने की जरूरत है। सबसे पहले आप पढ़ने वाली जगह का माहौल चेक करें कि कुछ डिस्टर्ब करने वाली चीज तो नहीं है वहां। अगर उसके आसपास उसका खिलौना, टीवी या मोबाइल रखा हो तो उसे हटा दें। पढ़ने का एक फिक्स रुटीन बनाएं, हर वक्त पढ़ाई के लिए न बोलें, अगर आप उसकी पढ़ाई के लिए सीरियस हैं तो वह खुद ही अपनी पढ़ाई के लिए सीरियस होगा। पढ़ते वक्त उससे काम न कहें या गलती हो तो चिल्लाएं नहीं, ऐसा करने से वह पढ़ाई से दूर भागेगा। एक बार में बच्चे को अगर आप मोबाइल देखने से मना कर देंगे तो उसे यह पनिश्मेंट की तरह लगेगा। यही नहीं, अगर आप उसे मोबाइल देखने से मना कर रहे हैं और खुद घंटों मोबाइल देख रहे हैं तो यह तरीका भी ठीक नहीं है। क्योंकि बच्चे हमेशा आपको देखकर काम करना सीखते हैं। उन्हें अन्य एक्टिविटी में इंगेज करने का प्रयास करें और उसके साथ आप भी खेलें। बच्चे दो कारण से ही बुरा बर्ताव करते हैं। पहला, अगर वे ऐसे माहौल में हैं जहां लोग एक दूसरे के साथ खराब बिहेव करते हैं, चिल्लाते हैं, डांटते या लड़ते रहते हैं और बच्चे उसे लगातार देख रहे हैं। जबकि दूसरा कारण यह है कि शायद आप दोनों के बीच कनेक्शन नहीं बन रहा और वह आपका अटेंशन पाने के लिए ऐसा बिहेव कर रहा है। इन दो बातों पर ध्यान दें और उसे सुधारने का मौका दें।



# टेक्नोलॉजी पर आधारित बदलाव ही इंश्योरेंस का भविष्य




महामारी के बाद से ही डिजिटल कनेक्टिविटी को अपनाने वाली आबादी की उम्मीदें लगातार बढ़ती चली गईं और इसी वजह से हमने साल 2023 में इंश्योरेंस सेक्टर में लगातार हो रहे बदलावों का अनुभव किया। ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाना ही उनका भविष्य है, जिसमें ग्राहक के इरादों को समझकर उसी समय सुझाव देने और समाधान की पेशकश करने में AI की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। NLP पर आधारित चैटबॉट सबसे अहम घटक के रूप में उभरकर सामने आए हैं, जो तुरंत और परस्पर बातचीत की तरह अनुभव देते हैं। इतना ही नहीं, वे जहाँ तक संभव हो सके, इंसानी सहायता की जरूरत को भी कम कर देते हैं। इसने ग्राहक की प्रोफ़ाइल के अनुरूप सुझावों को अहमियत देते हुए, यूजर्स के साथ बातचीत के आधार पर प्रोडक्ट्स की पेशकश करके पर्सनलाइजेशन को और भी बेहतर बना दिया है। कायज़ाद हिरामानेक, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस बताते हैं कि अब इस इंडस्ट्री की निगाहें 2024 पर टिकी हैं, जो AI, GenAI, IoT, मेटावर्स जैसी टेक्नोलॉजी को पूरी तरह से अपनाकर एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। ऐसे इनोवेशन की वजह से यकीनन बड़े पैमाने पर बदलाव आने वाला है, जिनमें ग्राहकों से बेहतर संपर्क की सुविधा, डिस्ट्रीब्यूटर्स की क्षमता में बढ़ोतरी, तुरंत क्लेम प्रोसेसिंग तथा सुरक्षित तरीके से और ग्राहकों की सहमति के साथ डेटा का प्रबंधन शामिल है। उम्मीद है कि इस तरह की टेक्नोलॉजी को अपनाने से बीमा कंपनियों की पहुँच तथा अलग-अलग बाजारों में पैठ का दायरा बढ़ेगा, और बेहतर CX के साथ क्लेम प्रोसेसिंग की क्षमता में भी सुधार होगा। इन दिनों CX, DX और EX को लगातार बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है, इसलिए अब बीमा कंपनियों का चयन करते समय इन्हें ज़्यादा अहमियत दी जाती है। टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति की वजह से इस अनुभव का स्वरूप बदल गया है, जिसने बीमा कंपनियों को DIY के मौजूदा ट्रेंड के अनुरूप यूजर-फ्रेंडली डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तैयार करने के लिए प्रेरित किया है। साल 2024 और इसके बाद के वर्षों की बात की जाए, तो जेनरेटिव एआई भी बड़ा बदलाव लाने वाली ताकत बनने के लिए तैयार है, जो पहले की तुलना में कहीं बेहतर सॉल्यूशंस की पेशकश करने के साथ-साथ हाइपर-ऑटोमेशन के युग की शुरुआत कर रहा है। आने वाले समय में दस्तावेजों को रिव्यू करने, वीडियो के आधार पर जोखिम का आकलन करने, भुगतान का हिसाब लगाने तथा ग्राहकों और दावेदारों के साथ संचार जैसे कार्यों में इस ऑटोमेशन का उपयोग किया जाएगा।





# अमिताभ के साथ रोमांस करना चाहती हैं विद्या बालन







बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्मों में अमिताभ बच्चन के साथ रोमांस करना चाहती हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में, बॉलीवुड के सुपरस्टार विद्या बालन और कार्तिक आर्यन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' के प्रमोशन के सिलसिले के लिये पहुंचे थे। शो के दौरान विद्या बालन ने होस्ट अमिताभ बच्चन से एक किस्सा शेयर किया।

विद्या बालन ने कहा,फिल्म पा शूट करते वक्त एक सीन था,जहां बच्चन सर, मैं और अभिषेक बारिश में मंकी डांस कर रहे होते हैं। उन्होंने अमिताभ से कहा,मैंने सोचा,मैं आपके साथ आज रपट जाएं तो हमें न उठाइयो पर डांस करना चाहती हूं, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही हूं और आपके साथ मंकी डांस कर रही हूं। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। मुझे 60 और 70 की दशक की एक्ट्रेस से प्यार है। उनमें अलग सुंदरता और ग्रेस होता था। उनकी शख्सियत उनके किरदारों में से उभरकर बाहर आती थी। सबसे ज्यादा जरूरी बात ये है कि वो सब आपके साथ काम कर चुकी हैं। विद्या ने बताया कि वह अमिताभ की एक्ट्रेस बनना पसंद करेंगी। शो के दौरान विद्या ने अमिताभ के साथ डांस किया।

# महेश भट्ट और विक्रम भट्ट बना रहे हैं फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी'





बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और विक्रम भट्ट फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी' बनाने जा रहे हैं। फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट ने घोषणा की है कि 'आशिकी' की तीसरी किस्त 'तुम मेरी पूरी कहानी' नाम से बनायी जा रही है। विक्रम भट्ट ने इंस्टाग्राम पर सेट से पर्दे के पीछे की कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसमें महेश भट्ट को टीम के साथ काम करते देखा जा सकता है। विक्रम भट्ट ने बताया कि जहां कई लोग 'आशिकी' शीर्षक को लेकर संघर्ष में उलझे हुए हैं, वहीं महेश भट्ट एक नई कहानी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिन्होंने मूल रूप से नई प्रतिभा और यादगार संगीत पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'आशिकी' मॉडल तैयार किया था।

क्रम भट्ट ने फिल्म के पूरे निर्माण में उनके समर्थन के लिए महेश भट्ट का आभार व्यक्त किया। वीडियो साझा करते हुए विक्रम भट्ट ने लिखा, 'यह विडंबना है कि जब मेरे बॉस (महेश भट्ट) ने फिल्म बनाई और दावा करने की जरूरत भी नहीं समझी तो पार्टियों को आशिकी शीर्षक पर लड़ना पड़ा। फिर मैंने उनसे कहा, फिल्म दीवार के संवाद की तरह, 'मेरे पास भट्ट साहब हैं।'

जब मेरे पास इसे रचनात्मक रूप से तैयार करने वाला है तो किसी शीर्षक की आवश्यकता नहीं है। चलो इसे फिर से करते हैं। एक नया लड़का- नई लड़की की प्रेम कहानी, बेहतरीन संगीत के साथ। बॉस ने कुछ देर सोचा और फिर कहा, 'मेरे पास एक कहानी है। सुहृता इसे निर्देशित करेंगी।' तू मेरी पूरी कहानी का जन्म हुआ। फिर अजय मुर्डिया आए और उन्होंने हमारे सपने को समझा और इसे हकीकत बना दिया। यह है महेश भट्ट और उनका गुस्सा, जो किसी और की तरह लोगों को परेशान कर रहा है।'

# अक्षय की हीरोइन मानुषी छिल्लर ने फैंस को दिखाई तस्वीरों की झलक



बॉलीवुड एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैंस के साथ पर्सनल लाइफ से जुड़े खास पलों को शेयर करती रहती हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने हाल ही में अपने फॉलोअर्स के साथ एक शानदार पोस्ट किया। इसके जरिए उन्होंने अपने फैंस को बताया कि उन्हें काम के दौरान किन चीजों से खुशी मिलती है। मानुषी छिल्लर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरों की झलक दिखाई हैं। एक फोटो में वह लिपस्टिक लगाती नजर आ रही हैं, जबकि अन्य में उन्होंने खाने की तस्वीरें शेयर की हैं। आखिरी फोटो में मानुषी पैक-अप के बाद अपने डिनर का आनंद लेती हुई दिखाई दे रही हैं।

**किन चीजों से मिलती हैं खुशी**

एक्ट्रेस ने तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में बताया कि उन्हें किन तीन कामों से बहुत खुशी मिलती है। उन्होंने लिखा, 'मुझे खुद का मेकअप करना और बेजुबान जानवरों को दोस्त बनाना और फूड से खुशी मिलती हैं। तस्वीरों में 'सम्राट पृथ्वीराज' की हीरोइन सेट पर अपने समय का आनंद लेते हुई दिखाई दे रही हैं। वह अपनी खूबसूरत मुस्कान से फैंस का दिल जीत रही है।

**इस फिल्म में नजर आएंगी मानुषी छिल्लर**

पिछली बार मानुषी छिल्लर, अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आई थीं,लेकिन दुर्भाग्य से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई। वैसे एक्ट्रेस के हाथ अभी तक एक भी हिट फिल्म नहीं लगी है।

# सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म जाट से उनका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। सनी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर अस्थाई शीर्षक 'एसडीजीएम' के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सन्नी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज हो गया है।



'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है। पोस्टर में सनी हाथ में एक बड़ा सेलिंग फैन लिए दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर, 'एसडीजीएम' के निर्माताओं ने सन्नी देओल के लिए जन्मदिन पोस्ट साझा किया। मैत्री मूवी मेकर्स ने सन्नी देओल पोस्टर के साथ कैप्शन मे लिखा, 'मास एक्शन के लिए नेशनल परमिट मैन पेश है, सनी देओल जाट, हैप्पी बर्थडे एक्शन सुपरस्टार, मास फीस्ट लॉडिंग। मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म जाट में सन्नी देओल के अलावा रणदीप हुडा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा की भी अहम भूमिका है।



# सिंघम अगेन का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज हो गया है। 'जय बजरंगबली' गाने को कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा, लक्ष्मी नायडू, अद्वितेय, श्रुति रंजनी, प्रणति, ऐश्वर्या दारुरी, साहिथी चागंती, मनीषा पंडरंकी, श्रुतिका, लक्ष्मी मेघना नादप्रिया, और वाग्देवी शामिल हैं। थमन एस ने इस गाने को कंपोज किया है और स्वानंद किरकिरे ने गाने के बोल लिखे हैं। गाने की शुरुआत होती है सिंघम यानी अजय देवगन से जो कहते हैं, गूगल में बाजीराव सिंघम टाइप कर ले पता चल जाएगा तेरा बाप क्या चीज है। जिससे नफरत करता है या जिससे प्यार करता है उसके लिए कहीं भी जा सकता है। इसके बाद गाने में एंट्री होती है रणवीर सिंह की जिन्हें एक तरह से हनुमान के किरदार में दिखाया गया है। रणवीर,गदे से दुश्मन को खल्लास करते नजर आ रहे हैं हनुमान चालीसा से प्रेरित इस ट्रैक में अजय देवगन, रणवीर सिंह और टाइगर श्रॉफ गायब हुई करीना कपूर की तलाश करते हैं। रोहित शेट्टी निर्देशित 'सिंघम अगेन' में अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह,दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 01 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।



# लॉरेंस बिश्नोई पर बन रही वेब सीरीज हुई अप्रूव

बाबा सिद्दीकी की मौत के जिम्मेदार और सलमान खान को लगातार धमकी देने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर वेब सीरीज बनाने की तैयारी की जा रही है। 12 अक्टूबर को बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से ही सलमान खान को फिर से धमकी मिलनी शुरू हो गई है। इसके साथ ही लॉरेंस पर वेब सीरीज बनाने की चर्चा भी शुरू हो गई थी। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि इंडियन मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन की तरफ से इस वेब सीरीज को अप्रूवल मिल गया है। बताया जा रहा है कि वेब सीरीज पर काम भी शुरू हो चुका है। लॉरेंस पर वेब सीरीज जानी फायरफॉक्स फिल्म प्रोडक्शन बना रहा है, जिसका टाइटल 'लॉरेंस-ए गैंगस्टर' दिया गया है। इस वेब सीरीज में लॉरेंस की जिंदगी के बारे में बताया जाएगा, जिसमें उसका एक गैंगस्टर बदलना और उसके नेटवर्क के बारे में दिखाया जाएगा. हालांकि, फिल्म में लॉरेंस के किरदार में कौन नजर आने



वाला है, इसका खुलासा नहीं किया गया है. लेकिन बताया जा रहा है कि दिवाली के आस पास इस सीरीज का पोस्टर रिलीज किया जाएगा। पोस्टर में ही एक्टर का खुलासा किया जाएगा। 'लॉरेंस- ए गैंगस्टर' के प्रोडक्शन हाउस जानी फायरफॉक्स फिल्म प्रोडक्शन के प्रमुख अमित जानी ने सीरीज को लेकर बातचीत की है, जिसमें उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य दर्शकों को एक साराज के माध्यम से एक रियल स्टोरी के साथ जोड़ना है। जानी ने इससे पहले भी ऐसी सीरीज बनाई है, जो कि सच्ची घटना पर आधारित है।

# 13 साल बड़े इस एक्टर को डेट कर रही हैं टीवी एक्ट्रेस

'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'ये है आशिकी' समेत और भी कई टीवी शोज में काम कर चुकीं एक्ट्रेस शिवांगी जोशी का नाम लंबे समय से एक्टर कुशाल टंडन से जुड़ रहा है। हालांकि, अब तक दोनों में से किसी ने भी कभी अपने रिश्ते पर कोई बात नहीं की थी. हालांकि, अब उनका रिश्ता कंफर्म हो चुका है। कुशाल ने खुद इस बारे में बताया है कि वो और शिवांगी एक दूसरे से प्यार करते हैं।


कुशाल ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शिवांगी को डेट कर रहे हैं। वहीं जब उनसे उनके मैरिज प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "मैं फिलहाल शादी नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं प्यार में हूं। हमलोग इस चीज को काफी स्लो रख रहे हैं। मेरी मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं और उनका बस चले तो वो मेरी शादी आज ही करवा दें।"

**कुशाल टंडन ने शिवांगी जोशी संग रिश्ते पर क्या कहा?**

आगे कुशाल ने ये भी कहा, "वैसे देखा जाए तो कभी भी कुछ भी हो सकता है,लेकिन सबसे अच्छी चीज ये है कि मेरे पैरेंट्स ने मेरे लिए सुटेबल लड़की की तलाश छोड़ दी है।" शिवांगी और कुशाल दोनों ही छोटे पर्दे के बड़े चेहरे हैं। दोनों ने 'बरसातें:मौसम प्यार के' नाम के टीवी शो में साथ किया था। रिपोर्ट के अनुसार इसी शो में काम करने के दौरान दोनों एक दूसरे पर अपना दिल हार बैठे। जुलाई 2023 में शुरू हुआ ये टीवी शो लगभग सात महीनों तक टीवी पर चला था और इसी साल फरवरी में ये शो ऑफ एयर हो गया। बहरहाल, कुशाल ने अपना टीवी करियर साल 2011 में शुरू किया था। 'एक हजारों में मेरी बहना' उनका पहला सीरियल था। वहीं शिवांगी ने 2013 में 'खेलती है जिंदगी आंख मचोली' टीवी सीरियल से डेब्यू किया था।

**13 साल बड़े हैं कुशाल टंडन**

कुशाल टंडन, शिवांगी जोशी से उम्र में 13 साल बड़े हैं। दोनों की काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग और लाखों लोग दोनों को पसंद करते हैं। जब दोनों 'बरसातें' शो में दिखे थे तो उसमें लोगों ने उनकी जोड़ी तो पसंद की थी, उसके अलावा दोनों की ऑफस्क्रीन जोड़ी भी लोगों को खूब भाती है।



# श्वेता तिवारी ने क्यों बोला आधा सच और आधा झूठ ?

## राजा चौधरी ने खोल दी थी सारी पोल

श्वेता तिवारी के हाथों में इस वक्त एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। एक्ट्रेस दिवाली के मौके पर 'सिंघम अगेन' में नजर आने वाली हैं। श्वेता तिवारी के करियर का ये सबसे बड़ा प्रोजेक्ट भी माना जा रहा है। हालांकि रोहित शेट्टी ने उन्हें 'सिंघम अगेन' में लेने से पहले अपनी वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फॉर्स' में भी कास्ट किया था। श्वेता तिवारी के काम के कम और उनके दो-दो तलाक के चर्चे ज्यादा होते हैं। भले ही एक्ट्रेस के तलाक को वक्त हो गया हो,लेकिन इस मुद्दे ने उनका पीछा नहीं छोड़ा है। श्वेता ने अपने एक बयान में कहा था कि उनके पहले पति रह चुके राजा चौधरी ने उन्हें तलाक देने के बदले में उनका 93 लाख रुपए का अपार्टमेंट मांगा था। इसके लिए उन्होंने अपनी बेटी पलक को भी छोड़ने का फैसला कर लिया था। वहीं श्वेता की मानें तो उन्होंने राजा को वो फ्लैट दे भी दिया था। एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि वो अपार्टमेंट दोनों ने मिलकर खरीदा था।

**श्वेता को तलाक में राजा चौधरी से क्या मिला?**

अब सवाल ये है कि क्या श्वेता तिवारी ने तलाक के बदले राजा चौधरी से कुछ नहीं लिया। दरअसल राजा चौधरी ने अपने बयान में कुछ ऐसा बताया था, जिसके बाद श्वेता की इन बातों पर लोगों को शक होने लगा था। एक इंटरव्यू में श्वेता ने राजा को लेकर कहा था कि वो अपनी बेटी को भी प्रॉपर्टी के लिए छोड़ने के लिए तैयार थे। लेकिन श्वेता के इस बयान पर राजा चौधरी का पक्ष कुछ और ही निकला था।

**सारी प्रॉपर्टी दे दी : राजा चौधरी**

राजा चौधरी ने बताया था कि श्वेता तिवारी ने उनके सामने क्या मांग रखी थीं। राजा चौधरी की मानें तो श्वेता ने एलिमनी के तौर पर तलाक में उनसे सारी प्रॉपर्टी ले ली थी। उन्होंने अपने रहने के लिए एक फ्लैट मांगा था, बाकी अपना सब कुछ उन्होंने श्वेता को दे दिया था। अब कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ ये कोई नहीं कह सकता।



# कार्तिक आर्यन ने एक शॉर्ट में शूट किया 'भूल भुलैया 3' का डांस सीक्वेंस

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म 'भूल भुलैया 3' का डांस सीक्वेंस एक शॉर्ट में शूट किया है। कार्तिक आर्यन फिल्म भूल भुलैया 3 के नए टाइटल ट्रैक में जबरदस्त डांस स्टेप परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं, जो इस गाने का हाइलाइट बन गया है। कार्तिक ने इस डांस मूव को सिर्फ एक ही टेक में कर दिखाया है। इसमें कार्तिक भूल भुलैया के पॉपुलर गाने पर डांस करते हुए अपना एनर्जेटिक डांस और इंप्रेस करने वाले मूव्स दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर क्लिप को शेयर करते हुए, कार्तिक ने लिखा है,वन शॉट डांसिंग मोनोलॉग। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमली, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित नजर आएंगी। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म इस दिवाली एक नवंबर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 160 शिकायतें दर्ज, 6 का निपटारा

गौतमबुद्धनगर। जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल




160 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 6 शिकायतों का निराकरण अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं जन सामान्य के द्वारा 8 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 1 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप प्रमेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, तहसीलदार सदर अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सदर रामकृष्ण त्रिपाठी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 115 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 37 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 03 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही कराया गया।

# स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर बनी गाइडलाइन फालो करें : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-27 में स्थित कैंब्रिज स्कूल में बच्ची के साथ हुई



हैवानियत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस मामले पर गौतमबुद्धनगर के डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सख्त आदेश दिए हैं। डीएम ने सभी स्कूलों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर बनी गाइड लाइन का पालन करने का आदेश दिए हैं।

शनिवार को नोएडा में कैंब्रिज स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक जब स्कूल प्रिंसिपल से अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए मिलने पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन ने उन्हें प्रिंसिपल से मिलने नहीं दिया। इस बात को लेकर बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बच्चों के माता-पिता ने इस मामले को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा से मिले। डीएम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त आदेश दिए हैं।

कैंब्रिज स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता गौतमबुद्धनगर के जिले अधिकारी मनीष कुमार के पास पहुंचे। उन्हें बताया कि स्कूल में बच्चे सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बताया कि पहले भी बच्चों के साथ ऐसी घटना हो चुकी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने स्कूल प्रबंधकों को सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इन आदेशों का पालन न करने पर स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा में बांग्लादेशी बदमाशों से दिनदहाड़े मुठभेड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने इलाके में मोबाइल व लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाशा घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना सूरजपुर पुलिस मोजरबीयर गोलचक्कर के पास चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस टीम ने बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल स्पलेंडर पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया गया। जिसपर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए की गयी जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायल बदमाशों



की पहचान तपन मांझी पुत्र झारेश्वर मांझी वसपन मांझी पुत्र हरी पोदो मांझी निवासी सरकनिया, थाना एगरा, जिला पूर्वी मैदनीपुर, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

बदमाशों के कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा कारतूस एवं 2 खोखा कारतूस, चोरी/लूटे गये 31 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, तीन सैट ईयरबर्ड व संदिग्ध मोटरसाइकिल स्पलेंडर बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि उनके द्वारा थाना सूरजपुर क्षेत्र में मोबाइल लूट व चोरी की 4 घटनाएं कारित की गयी है। दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है जो चोरी एवं लूट के मोबाइल फोन में ओ.टी.पी. जनरेट कर पीड़ित का पैसा भी ट्रांसफर कर लेते है। इनके आपराधिक इतिहास व अन्य जानकारी की जा रही है।

## पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र जल्द जमा कराएं

गौतमबुद्धनगर। वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 सरकार के पेंशनरों के द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था है, जो कि अगले 01 वर्ष तक प्रभावी रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से एवं जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से भी प्रेषित किया जा सकता है, जोकी 01 वर्ष तक प्रभावी रहता है।

उन्होंने बताया कि जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र की वैधता माह अक्टूबर 2024 में समाप्त हो रही है, ऐसे समस्त पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र तत्काल उपलब्ध कराये ताकि माह अक्टूबर 2024 नियमित किया जा सके।

उन्होंने भी बताया कि यदि पेंशनर अत्याधिक बीमार/आने-जाने में पूर्णत: असमर्थ हैं तो ऐसे पेंशनर के परिजन कोषागार में संपर्क कर सकते हैं।

# राष्ट्र रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे: अनिल आर्य



दिल्ली। हंसराज कॉलेज व कला मनस्वी मंच के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के सभागार में प्राचार्य डॉ. रमा के सानिध्य में 'रसाल' काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेम रस,व्यंग,हास्य व देश भक्ति पूर्ण गीतों से कार्यक्रम सराबोर हो गया।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि कविता अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है।कवि अपने अपने खट्टे मीठे अनुभव के आधार पर उसी रस में अपनी बात को कहता वहीं कोई कवि,शायर बन जाता है।उन्होंने अपनी स्मृति याद करते हुए कहा कि वह 1977 से कॉलेज से जुड़े हैं।यह महर्षि दयानन्द व महात्मा हंसराज का स्मारक है। राष्ट्रवाद की चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है राष्ट्र रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे।

कार्यक्रम की सूत्रधार राजरानी भल्ला एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिये ऐसे आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि धर्मवीर धर्म ने किया।

प्रमुख कवियों में डॉ. संजय जैन, सरला मिश्रा, संदीप शजर, विनीत पाण्डेय, अनुराधा पाण्डेय, पिंकी आर्या, विक्रांत, डॉ. रवि प्रकाश गौड़ ने काव्य पाठ किया। पूर्व मेट्रो पोलेटिन मैजिस्ट्रेट ओम सपरा ने अपनी शुभकामनायें प्रदान की।

आयोजकों में मधु अरोड़ा, शिखा अरोड़ा, एकता सिंह, सीमा शर्मा, डॉ. नीतू शर्मा, डॉ. राजवीर मीना, डॉ. मनीष ओझा आदि उपस्थित थे।

# छात्रा को अगवा करने वाले बदमाश को पुलिस ने सिखाया सबक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्कूल जा रही छात्रा का पहरण का प्रयास करने वाले बदमाश को पुलिस ने सबक सिखा दिया है। थाना बिसरख पुलिस ने 12 वर्षीय छात्रा के अपहरण का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।



पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गोल्ड वैली स्कूल में पढ़ने वाली (12 वर्षीय) छात्रा शुक्रवार को स्कूल जा रही थी, तभी एक बाइक सवार ने उसे अपहरण करने का प्रयास किया। छात्रा उसकी बाइक से कूद कर किसी तरह से स्कूल तक पहुंची। उसने घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज दोपहर को एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान छात्रा को अगवा करने का प्रयास करने के आरोपी अनुज पुत्र किरण पाल को गिरफ्तार किया है। वह जनपद गाजियाबाद का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है।

डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी ने छात्रा के साथ गलत काम करने की नीयत से उसे अपनी बातों में फंसाया। उसने पहले स्कूल का नाम और प्रिंसिपल के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि वह छात्रा के स्कूल में ही जा रहा है। उसकी बात पर विश्वास करके छात्रा उसकी बाइक पर बैठ गई थी। लेकिन वह उसे अगवा करके ले जाने लगा। इसी बीच छात्रा मोटरसाइकिल से नीचे कूद गई।

# सोसायटी के मंदिर में हुई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एसकेए दिव्या टावर्स सोसायटी में मंदिर में मूर्ति मंदिर में गणपति बप्पा, भगवान शिव, भगवान राम और अन्य भगवानों की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस



प्राण प्रतिष्ठा के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम के पहले दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया था।

मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व सोसायटी में झांकियां भी निकाली गईं। इसके साथ ही सोसायटी के दौरान लोग भगवान के भजनों में झूमते नजर आए। एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर, संजय शर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य केवल एक नया मंदिर का उद्घाटन करना नहीं है, बल्कि समुदाय में प्रेम, एकता और भक्ति का माहौल बनाना है।

## बालकनी से गिरकर सर्वेंट की मौत

नोएडा। कॉसमॉस सोसायटी में बालकनी से गिरने से 18 साल की एक घरेलू नौकरानी की मौत हो गई। नोएडा के सेक्टर-135 स्थित कॉसमॉस सोसायटी में बालकनी से गिरने से 18 साल की एक डोमेस्टिक सर्वेंट की मौत हो गई है। लड़की के मौत के बाद उसके परिजनो सोसाइटी में हंगामा किया। उनका कहना है कि मकान मालकिन का उनकी बेटी से बहस हुई थी जिसके बाद हुई धक्का मुक्की के बाद ऊपर से गिरा दिया जिससे मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार जेपी कॉसमॉस सोसायटी के टावर केएम में डॉमेस्टिक सर्वेंट के रूप में स्वाति पुत्र राजेश्वर काम करती थी। जो वर्तमान में बाजिदपुर गांव में रह रही थी, अचानक बालकनी से नीचे गिर उसकी मौत हो गई।

# नोएडा के 30 हजार उद्योगों पर बुरा असर

## मालवाहक वाहनों की नो एंट्री से उद्यमियों को नुकसान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद के 33 मार्गों पर भारी/मध्यम के बाद अब हल्के मालवाहक वाहनों की नो एंट्री का नया नियम लागू कर दिया गया है। नए नियम से जनपद के




30 हजार उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उद्योगों की इस समस्या को लेकर एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पुलिस उपायुक्त यातायात को पत्र लिखकर उद्योगों के हित में नियमों में बदलाव करने की मांग उठाई है।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने बताया कि मार्च 2021 में जनपद के 25 मार्गों पर भारी वाहनों की नो एंट्री का नियम लागू किया गया था। बाद में 18 जून 2023 को प्रतिबंधित मार्गों की संख्या बढ़ाकर 33 कर दी गई। पुराने नियम के तहत नो एंट्री का समय सुबह 7 से 10 बजे निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर सुबह 11 बजे तक कर दिया गया था। यातायात पुलिस के इस फैसले ने उद्योगों की परेशानी पहले ही बढ़ाकर रखी हुई थी। अब नए नियमों के अंतर्गत बीते बुधवार से हल्के मालवाहक वाहनों पर भी नो एंट्री का नियम लागू कर दिया गया है। मसलन, सुबह 7 से 11 बजे और शाम 5 से रात 10 बजे तक किसी भी प्रकार के मालवाहक वाहन जिले की सड़कों पर नहीं चल सकेंगे।

श्री नाहटा ने कहा कि यह फैसला उद्योगों की परेशानी बढ़ाने वाला है। नियमों के अंतर्गत शहर के उन आंतरिक मार्गों को भी शामिल किया गया है जो औद्योगिक सेक्टरों के बीच से होकर गुजरते हैं। इनमें प्रमुख रूप से सेक्टर-14ए फ्लाईओवर से झुंडपुरा तिराहे को जोड़ने वाला उद्योग मार्ग, सेक्टर-दो व तीन तिराहे से हरौला बांस बल्ली मार्केट होकर शिवानी फर्नीचर चौराहा, जलवायु विहार चौराहे से शिवानी फर्नीचर होकर झुंडपुरा तिराहा, एमपी-01 मार्ग डीएनडी चौक से सेक्टर-12-22-56 तिराहा सहित ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े अन्य मार्ग शामिल हैं।

श्री नाहटा ने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के रास्ते दूसरे राज्यों से कच्चा माल जनपद की औद्यागिक इकाइयों में पहुंचता है। ऐसे 24 घंटे में से 9 घंटे तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहने से औद्योगिक उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है, जिसका असर प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिल सकता है। संस्था ने औद्योगिक क्षेत्र के बीच से गुजर रहे आंतरिक मार्गों को नो एंट्री के दायरे से बाहर रखने और शहर की आउटर सड़कों पर ही नो एंट्री का नियम लागू किए जाने की मांग उठाई है।

